# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

संवत 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष 15 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 86 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 घुसपैठ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

राधिका आप्टे की सस्पेंस थ्रिलर साली मोहब्बत सीधे ओटीटी पर 6


### हैदराबाद हाउस में पुतिन-मोदी की मुलाकात

# पीएम ने कहा -भारत न्यूट्रल नहीं, पुतिन बोले- रूस भी शांति का पक्षधर



**दिल्ली :** पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन ने हैदराबाद हाउस में बाइलेटरल बातचीत की। एअट डॉ। एस जयशंकर, ठरअ अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी शक्तिकांत दास और दूसरे टॉप अधिकारी मौजूद थे।। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने हम सबको शांति का रास्ते पर चलना है। हमारा अपना पक्ष है। भारत न्यूट्रल नहीं रह सकता। आपने दूरदर्शी लीडर की मिसाल पेश की। भारत शांति की कोशिशों के साथ खड़ा है। पुतिन ने भी भारत की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ह्लरूस शांति का पक्षधर है और संवाद के माध्यम से समाधान में विश्वास रखता है। रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी मीटिंग में ढट नरेंद्र मोदी ने कहा, ऱहमारी समिट कई नतीजों के साथ चल रही है। आपकी विज़िट बहुत हिस्टोरिक है। 2001 में आपके ऑफिस संभालने और पहली बार भारत आने के 25 साल हो गए हैं। उस पहली विज़िट में ही, एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की मजबूत नींव रखी गई थी। मैं पर्सनली भी बहुत खुश हूँ कि पर्सनल लेवल पर आपके साथ मेरे रिश्तों ने भी 25 साल पूरे कर लिए हैं। मेरा मानना ??है कि 2001 में आपने जो रोल निभाया, वह इस बात का शानदार उदाहरण है कि एक विजनरी लीडर कैसे होता है, वह कहाँ से शुरू करता है और रिश्तों को कहाँ तक ले जा सकता है। पुतिन के साथ अपनी मीटिंग में ढट नरेंद्र मोदी ने कहा, यूक्रेन संकट के बाद से हम लगातार बातचीत कर रहे हैं। एक सच्चे दोस्त के तौर पर, आपने हमें समय-समय पर हर बात से अवगत कराया। मेरा मानना है कि भरोसा एक बहुत बड़ी ताकत है। ढट नरेंद्र मोदी ने कहा, दुनिया की भलाई सिर्फ. शांति के रास्ते से ही है। हमें मिलकर शांति के रास्ते खोजने होंगे। पिछले कुछ दिनों से जो कोशिशें चल रही हैं, मुझे पूरा भरोसा है कि दुनिया में एक बार फिर शांति लौटेगी।

मोदी ने कहा, ऱजब भी दुनिया के लीडर्स के साथ मेरी बातचीत हुई, डिटेल में बातचीत हुई, मैंने हमेशा कहा कि इंडिया न्यूट्रल नहीं है। इंडिया का एक साइड है और वह साइड शांति का है। हम शांति के लिए सभी कोशिशों का सपोर्ट करते हैं और शांति के लिए सभी कोशिशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

इससे पहले पुतिन ने राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। रूसी राष्ट्रपति पुतिन राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति पुतिन ने प्रेसिडेंट मुर्मू और पीएम मोदी से हाथ मिलाया। इसके बाद रूसी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। पहले रूस का राष्ट्रगान और फिर भारत का भी राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन ने गार्ड निरीक्षण भी किया और सम्मान को स्वीकार किया।

इसके साथ ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन का यह दौरा औपचारिक रूप से शुरू हो गया। गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित होने के बाद पुतिन ने वहां मौजूद भारतीय डेलिगेशन से मुलाकात की। इसके बाद फिर पुतिन ने रूसी डेलिगेशन से राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी की मुलाकात कराई।

बता दें, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम भारत पहुंचे, जहां पीएम मोदी खुद उनका स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गले लगाकर रूसी राष्ट्रपति का स्वागत किया। पीएम मोदी ने पुतिन को रूसी भाषा में अनुवादित 'गीता' भेंट की।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पुतिन को भेंट देते हुए एक तस्वीर पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, ऱराष्ट्रपति पुतिन को रूसी भाषा में गीता की एक कॉपी भेंट की। गीता की शिक्षाएं दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरणा देती हैं।

दिल्ली पहुंचने के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट पर एक-दूसरे को गले लगाया और गर्मजोशी से अभिवादन किया। एयरपोर्ट पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत किया गया। पुतिन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की। इसके बाद दोनों वैश्विक नेता एक ही गाड़ी में एयरपोर्ट से रवाना हुए।

## जेवरों से भरा बैग उठाकर दो युवक हुए फरार

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के गोंदलीपोखर इलाके में आज स्थानीय ज्वेलरी दुकान से अज्ञात बाइक सवार दो युवकों ने जेवरों से भरा बैग उठाकर फरार हो गए। घटना दुकान के शटर खोलने के दौरान सामने आई जब दुकानदार (या दुकान का कर्मचारी) बैग शटर के पास रखकर कुछ करने गया। घटना की शुरूआती जानकारी के मुताबिक, दो युवक एक बाइक पर आए और तेजी से बैग उठा कर भाग निकले। दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। दुकानदार ने बताया कि बैग में सोने-चाँदी के आभूषण थे। अनगड़ा थाना की पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त दुकान के आस-पास मौजूद कैमरों की फुटेज, पास के रास्तों पर लगे कैमरों और मोबइल टावर/एंटीना लोकेशन (यदि लागू) की जांच की जाएगी ताकि बाइक की दिशा और संदिग्धों की पहचान हो सके। इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है

# आरबीआई ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती का किया ऐलान



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक के फैसलों का ऐलान किया। केंद्रीय बैंक ने रेपो रेटो में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की है, जिसके बाद रेपो रेट अब 5।50 प्रतिशत से कम होकर 5।25 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा, मौद्रिक नीति के रुख को 'न्यूट्रल' रखा है। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, केंद्रीय बैंक 1 लाख करोड़ रुपए की सरकारी सिक्योरिटीज खरीदकर ओपन मार्केट ऑपरेशंस के जरिए इकोनॉमी में लिक्विडिटी ऐड करेगा। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक 5 बिलियन डॉलर का डॉलर-रुपया स्वैप अरेंजमेंट भी करेगा। केंद्रीय बैंक ने स्टैंडिग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) रेट को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है, जबकि मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) रेट को घटाकर 5।50 प्रतिशत कर दिया गया है।

इससे पहले अक्टूबर में एमपीसी बैठक में रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला लिया गया था और मौद्रिक नीति का रुख भी न्यूट्रल रखा गया था।

आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत दे रहे हैं। वहीं, जीएसटी रेशनलाइजेशन, कृषि में बेहतर संभावनाएं और कंपनियों के बेहतर बही-खाते जैसे कारक आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देंगे।

केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7।3 प्रतिशत लगाया है। पहले, जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6।8 प्रतिशत रखा गया था। वहीं, इस वर्ष दिसंबर तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत, अगले वर्ष मार्च तिमाही के लिए 6।5 प्रतिशत, जून तिमाही के लिए 6।7 प्रतिशत और सितंबर तिमाही के लिए 6।8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

वहीं, केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई 2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो कि पहले 2।6 प्रतिशत अनुमानित थी।

आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व बढ़कर 686 बिलियन डॉलर हो गया है, जो 11 महीने का मजबूत इंपोर्ट कवर देने के लिए काफी है।

इससे पहले, आरबीआई गवर्नर ने बीते हफ्ते संकेत दिया था कि अच्छे मैक्रोइकोनॉमिक इंडिकेटर्स की वजह से 5 दिसंबर को मॉनेटरी पॉलिसी रिव्यू मीटिंग में ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में कटौती की गुंजाइश है।

### जहरीली गैस से मौत मामले की जांच टीम गठित

# घटना के बाद बरती गई लापरवाही, अधिकारियों पर गिरेगी गाज




**धनबादः** पुटकी अंचल अंतर्गत केंदुआडीह की विभिन्न बस्तियों में जहरीली गैस रिसाव की वजह से दो लोगों की मौत और कई लोग गंभीर रुप से प्रभावित हुए हैं। इस घटना नें लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों में बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश नजर आ रहा है। हालांकि घटना के सामने आने के बाद बीसीसीएल, जिला प्रशासन और स्थानीय थाना द्वारा संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी के द्वारा जांच समिति का गठन किया जो घटना क्रम की बिन्दुवार जांच करेगी। हालांकि शुरूआती जांच में बीसीसीएल प्रबंधन एवं संबंधित एजेंसियों के बीच समुचित समन्वय का अभाव देखा गया। यह बातें डीसी आदित्य रंजन द्वारा आयोजित घटना की समीक्षा बैठक में सामने आई हैं।

डीसी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल , डीजीएमएस, स्वास्थ्य विभाग, आपदा विभाग तथा जेआरडीए की टीम के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उक्त घटना की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जहरीली गैस रिसाव के कारण, रोकथाम के उपाय, प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह तत्काल शिफ्ट करने, घटना में हुई मृत्यु पर लापरवाही और उस पर कार्रवाई करने समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

**लापरवाही बरतने वालों पर गिरेगी गाजः** डीसी ने उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए घटना की वस्तुस्थिति ज्ञात करने, उत्तरदायित्व निर्धारण करने तथा भविष्य हेतु सुधारात्मक उपाय सुझाने के निमित्त जांच समिति का गठन किया है। उक्त जांच में क्रमवार सभी घटना की जांच की जाएगी और पता लगाया जाएगा कि किसकी लापरवाही से लोगों की जान गई है।

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू

# 8 दिसंबर को होगा अनुपूरक बजट पेश

संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज, 5 दिसंबर से शुरू हो गया। कुल पांच कार्य दिवसों का यह सत्र 11 दिसंबर तक चलेगा। इस विधानसत्रा सत्र के दौरान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरा अनुपूरक बजट में पेश किया जायेगा। शीतकालीन सत्र के दूसरे कार्य दिवस पर यानि 8 दिसंबर को सरकार 11,000 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट सदन में पेश करेगी।

विधानसभा का सत्र शुरू होने से एक दिन पहले गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सत्र के बेहतर संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विपक्ष के नेता एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और कई नेता उपस्थित रहे। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि 5 दिसंबर को सत्र की शुरूआत होगी। इसका समापन 11 दिसंबर को होगा। जिसमें कुल 5 कार्य दिवस होंगे।

## विधानसभा में मुख्यमंत्री का हुआ स्वागत



**रांची :** झारखंड विधान सभा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल, डीजीपी तदाशा मिश्रा, प्रभारी सचिव, झारखंड विधान सभा रंजीत कुमार ने किया।


NATIONAL HEALTH MISSION

## मोतियाबिन्द

### मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम





**मोतियाबिन्द के लक्षण**

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।
- उम्र का बढ़ना।

**मोतियाबिन्द का उपचार**

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

**मोतियाबिन्द की रोकथाम**

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

PR-367710(Health Med Edu and Family Welfare)25-26

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

104 108

## समाचार सार



### जेएसएलपीएस की कैडर बैठक सम्पन्न

**चतरा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरी संकुल में गुरुवार को जेएसएलपीएस के द्वारा कैडर कार्य समीक्षा की एक बैठक की गई । जिसका संचालन बीएपी अलका कुमारी ने की । इस बैठक में मुख्य रूप से नवंबर माह एवं दिसंबर माह के कार्य प्लान का योजना तैयार किया गया ।जिसमें चार पंचायत की सक्रिय दीदी एवं अन्य सभी कैडर के महिला उपस्थिति हुई । बैठक में महिला पुरुष में भेदभाव नही करने की प्रतिज्ञा करवाया गया ।साथ ही सभी को एक साथ चलकर विकास में सहयोग करने की बात कही गई। इस बैठक में काफी संख्या में महिला दीदी उपस्थित हुए।

### नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**रांची :** कैनरा बैंक, कोकर शाखा में पल्स सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, बरियातू, रांची के सहयोग से एक निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का नेतृत्व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रेखा ने किया। कैंप में सैकड़ों लोगों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया और अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि कैनरा बैंक अपने ग्राहकों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हमेशा संवेदनशील रहा है। इसी उद्देश्य से इस हेल्थ चेकअप कैंप आयोजन किया गया। भविष्य में भी ऐसे उपयोगी स्वास्थ्य शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाते रहेंगे। कैंप में शाखा प्रबंधक दीपक कुमार, शाखा के सभी कर्मचारी एवं पल्स हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम पूरी तत्परता से उपस्थित रहे और लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में धान खरीदी निगरानी समिति की बैठक आयोजित



**खूंटी :** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान खरीदी योजना के सफल संचालन के लिए आज जिला स्तरीय धान खरीदी निगरानी समिति की बैठक उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री भीम उरांव ने जिले में 15 खरीद केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, ताकि किसानों से धान की खरीद सुचारू रूप से हो सके। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित 15 केंद्रों के अलावा, जरूरत के हिसाब से विभिन्न क्षेत्रों में अतिरिक्त केंद्र भी खोले जाएं। इससे किसी भी किसान को खरीदी संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्षों में किसानों को धान खरीदी के बाद किस्तों में भुगतान किया जाता था, लेकिन इस साल सरकार ने पहली बार एकमुश्त भुगतान का प्रावधान प्रस्तावित किया है। इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी व सरल होगी। उपायुक्त ने सभी खरीद केंद्रों की समय पर स्थापना, किसानों का अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने और समयबद्ध तरीके से धान खरीदी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछली धान खरीदी के भुगतान की समीक्षा भी की। इस पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि पिछली खरीदी का 100 प्रतिशत भुगतान किसानों को किया जा चुका है। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मंडल प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम रांची, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र खूँटी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### दुर्गा मंदिर निर्माण कार्य का हुआ विधिवत शुभारंभ

**पिठौरिया :** पिठौरिया दुर्गा मंदिर ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को ऐतिहासिक एवं 111 वर्ष पुराने पारंपरिक दुर्गा मंडप स्थल पर नवनिर्मित भव्य दुर्गा मंदिर निर्माण का शुभारंभ विधिवत तरीके से किया गया। इस अवसर पर मंदिर के गर्भगृह का शिलान्यास पुरोहित श्रीनिवास मिश्रा एवं मुकेश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच सम्पन्न कराया। मंत्रोच्चार की गूंज और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे परिसर को धार्मिक उत्साह से भर दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु, ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि नया मंदिर आधुनिक शिल्पकला और पारंपरिक भारतीय वास्तुकला का अनूठा संगम होगा। गर्भगृह में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, वहीं परिसर में भक्तों के लिए पेयजल, प्रसाद वितरण, विश्राम स्थल और पार्किंग जैसी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। ट्रस्टियों ने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा बल्कि पिठौरिया की सांस्कृतिक धरोहर को भी नई पहचान प्रदान करेगा। निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा और भविष्य में मंदिर परिसर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जा रही है। स्थानीय लोगों ने 111 वर्षों पुराने इस पौराणिक मंडप स्थल पर मंदिर निर्माण की पहल का हृदय से स्वागत किया। उन्होंने इसे क्षेत्र की परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगः अरुण केशरी, अनिल केशरी, दीपक चौरसिया, चंद्रिका प्रसाद, मुन्नी मुंडा,श्रवण गोप,शिवदास वर्मा, राम नारायण स्वर्णकार, शंकर महतो, कृष्णा महतो, राम किशोर महतो, प्रदीप ठाकुर, विश्वनाथ बैठा, रमेश केशरी, राजेश गोप, विनोद रजक, दीपक दस, जवाहर मणि मिश्रा, अखिलेश्वर पाठक, डॉ. दिव्यानंद महाराज, राम कृष्णा मिश्रा,रणधीर केसरी, जगरनाथ मिश्रा, अभिषेक साहू, अशोक केसरी, विशेश्वर ठाकुर, भारत प्रसाद, गोपाल महतो, रामानन्द प्रसाद,मिथिलेश प्रसाद, अभिषेक जायसवाल, रमेश वर्मा, सुधांशु नाथ मिश्रा,सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

# लंबित भुगतान व कार्यों में देरी पर संबंधित प्रखंडों को कड़ी फटकार

संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों की स्थिति, लक्ष्य प्राप्ति, वित्तीय उपयोगिता तथा भुगतान संबंधी मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार्य नहीं होगी।




बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा अबुआ आवास योजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन लाभुकों के आवास कार्य लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जाए और शत-प्रतिशत आवास पूर्णता सुनिश्चित हो। उन्होंने आवास निर्माण में गुणवत्ता, समयसीमा और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि लाभुकों को समय पर योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।इसके बाद उपायुक्त ने मनरेगा से संबंधित विभिन्न योजनाओं–जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, अइढर (आधार आधारित भुगतान प्रणाली), मजदूरों को 100 दिन रोजगार उपलब्ध कराने तथा अन्य मदों की विस्तृत समीक्षा की।इस क्रम में मनरेगा अंतर्गत आपूर्तिकताओं के लंबित मैटेरियल भुगतान तथा मनरेगा कर्मियों के लंबित मानदेय भुगतान पर विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त ने भुगतान में निरंतर विलंब को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि भुगतान से जुड़े सभी प्रक्रियात्मक कार्य नियमों के अनुरूप तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराए जाएँ और लंबित मैटेरियल पेमेंट तथा कर्मियों का मानदेय शीघ्रातिशीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मजदूरों एवं कर्मियों के भुगतान में अनावश्यक विलंब अस्वीकार्य है और इसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।बैठक में धान अधिप्राप्ति की तैयारियों पर भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण अभियान चलाया जाए, ताकि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने का अवसर मिल सके। उन्होंने प्रखंड स्तर पर प्रचार-प्रसार बढ़ाने तथा किसानों को पंजीकरण की प्रक्रिया, तिथि एवं केंद्रों की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि योजनाओं के सुचारू संचालन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रखंड स्तर पर नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत सभी कार्मिकों, तकनीकी सहायकों, कार्यान्वयन एजेंसियों तथा विभागीय प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाएँ।

बैठक के दौरान मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले टंडवा, हंटरगंज और इटखोरी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे सम्मान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे अन्य प्रखंडों में भी कार्य संस्कृति में सुधार आएगा।

बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंडों के बीपीओ, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तरीय विकास योजनाओं का समग्र मूल्यांकन, कार्यान्वयन के दौरान आने वाली बाधाओं की पहचान, तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था, ताकि जिले में संचालित सभी विकासात्मक योजनाएँ निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण हो सकें।

# समाजसेवी सुरेंद्र मिश्रा की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई



संवाददाता

**खूंटी :** बाबा आम्रेश्वरधाम प्रबंधन समिति के पूर्व महामंत्री तथा समाज में अत्यंत लोकप्रिय हरदिलअजीज समाजसेवी स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार मिश्रा की पांचवीं पुण्यतिथि बृहस्पतिवार को उनके परिजनों, सहयोगियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रद्धा, स्नेह और गंभीर सम्मान के साथ मनाई गई। आज से ठीक पांच वर्ष पूर्व इसी तिथि को उन्होंने संसार को विदा कहा था, किंतु आज भी उनकी सेवा, सद्भावना और समर्पण की यादें लोगों के मन में ताजा हैं।

सुरेंद्र बाबू की स्मृति में उनके निवास स्थान पर आयोजित भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा में शहर के सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों के साथ-साथ उनके परिजनों और अनुयायियों की बड़ी संख्या उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी उपस्थित लोगों ने सुरेंद्र बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उनके जीवन दर्शन और समाज सेवा के विविध आयामों पर चर्चा की गई। उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में याद किया गया जो सदैव जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रहे। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण का कार्य किया गया। साथ ही, कई जरूरतमंद लोगों को भोजन सामग्री वितरित की गई तथा सामुदायिक भोज का भी आयोजन किया गया, जो सुरेंद्र बाबू के 'सेवा परमो धर्मः' के जीवन मंत्र को आगे बढ़ाने का प्रतीक था। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा सहित ओमप्रकाश मिश्रा, रामकृष्ण चौधरी, नईमुद्दीन खां, पीटर मुंडू, गणपत भगत, नरेश गौंझू, विल्सन तोपनो, अरुण चौधरी, श्याम किशोर भगत, रामानंद तिवारी, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, प्रणय चौधरी, बबलू चौधरी, संतोष कुमार गुप्ता, अनूप साहू, जावेद अंसारी, संजय मिश्रा, रविकांत मिश्रा, विकास मिश्रा, इंदू हस्सा, गुलाम गौस एवं सुषमा भेंगरा आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।बाबा आम्रेश्वरधाम प्रबंधन समिति के पूर्व महामंत्री तथा समाज में अत्यंत लोकप्रिय हरदिलअजीज समाजसेवी स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार मिश्रा की पांचवीं पुण्यतिथि बृहस्पतिवार को उनके परिजनों, सहयोगियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रद्धा, स्नेह और गंभीर सम्मान के साथ मनाई गई। आज से ठीक पांच वर्ष पूर्व इसी तिथि को उन्होंने संसार को विदा कहा था, किंतु आज भी उनकी सेवा, सद्भावना और समर्पण की यादें लोगों के मन में ताजा हैं।

सुरेंद्र बाबू की स्मृति में उनके निवास स्थान पर आयोजित भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा में शहर के सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक

क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों के साथ-साथ उनके परिजनों और अनुयायियों की बड़ी संख्या उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी उपस्थित लोगों ने सुरेंद्र बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उनके जीवन दर्शन और समाज सेवा के विविध आयामों पर चर्चा की गई। उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में याद किया गया जो सदैव जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रहे। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण का कार्य किया गया। साथ ही, कई जरूरतमंद लोगों को भोजन सामग्री वितरित की गई तथा सामुदायिक भोज का भी आयोजन किया गया, जो सुरेंद्र बाबू के 'सेवा परमो धर्मः' के जीवन मंत्र को आगे बढ़ाने का प्रतीक था। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा सहित ओमप्रकाश मिश्रा, रामकृष्ण चौधरी, नईमुद्दीन खां, पीटर मुंडू, गणपत भगत, नरेश गौंझू, विल्सन तोपनो, अरुण चौधरी, श्याम किशोर भगत, रामानंद तिवारी, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, प्रणय चौधरी, बबलू चौधरी, संतोष कुमार गुप्ता, अनूप साहू, जावेद अंसारी, संजय मिश्रा, रविकांत मिश्रा, विकास मिश्रा, इंदू हस्सा, गुलाम गौस एवं सुषमा भेंगरा आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

### खूंटी में बदले की भावना से हत्या

# जेल से छूटे युवक का सिर और धड़ अलग-अलग बरामद



संवाददाता

**खूंटी :** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाली हत्या की घटना सामने आई है। पुलिस ने ईंट्ठे और मेराल गांवों के बीच एक खेत के नाले से दो अलग-अलग गड्ढों से एक युवक सीनू पूर्ति के सिर और धड़ बरामद किए हैं। बुधवार देर शाम पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से खोजबीन की सीनू पूर्ति के शरीर के दोनों हिस्से अलग-अलग स्थानों से बरामद हुए पुलिस ने दोनों हिस्सों को कब्जे में लेकर खूंटी सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीनू पूर्ति और उसके भाई सागर पूर्ति पर 2022 में अपने ही रिश्तेदार कानू पूर्ति की हत्या का आरोप था। दोनों भाइयों पर आरोप था कि उन्होंने कानू की जमीन हड़पने के लिए उसकी हत्या कर दी थी, जिसमें सिर को धड़ से अलग कर दिया गया था। इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। हाल ही में सीनू जेल से छूटकर गांव में रह रहा था। दिलचस्प बात यह है कि सीनू की हत्या भी ठीक उसी तरीके से की गई है जिस तरह से कानू की हत्या की गई थी।

ग्रामीणों का मानना है कि इस वारदात में कानू पूर्ति के परिवार या नजदीकी रिश्तेदारों की संलिप्तता हो सकती है, जो बदले की कार्रवाई हो सकती है। हालांकि, पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। मुरहू पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए कई दिनों से जांच कर रही है

इस मामले में अधिकारी अभी तक कोई आधिकारिक बयान देने से कतरा रहे हैं

मृतक के परिजनों की प्रतिक्रिया के बारे में भी जानकारी सामने आ रही है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह घटना जिले में सुरक्षा की गंभीर स्थिति पर सवाल खड़े कर रही है।

### टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# सिविल सर्जन ने टीबी मरीजों को 52 पोषण टोकरी का किया वितरण

संवाददाता

**चतरा :** जिला यक्ष्मा केंद्र के प्रांगण में जिला स्तर पर टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ० जगदीश प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,चतरा डॉ0 कुमार उत्तम उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा टीबी मरीजों को 52 पोषण टोकरी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा जिला में निश्चय मित्र सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान चलाया जा रहे कार्यक्रम की सराहनीय करते हुए शत प्रतिशत टीबी मरीजों को अतरिक्त पोषण टोकरी उपलब्ध करने पर में सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही जिले में ओर लोगों को निक्षय मित्र के साथ जोड़ने का प्रयास करने के लिए बोला गया हैं। कहा गया कि टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। उन्हें नियमित अपने वजन, हीमोग्लोबिन, बलगम की जांच कर दवा का सेवन करना है। यक्ष्मा मरीजों को समय पर दवा का सेवन करने और समय पर जांच व नियमित दवा के सेवन से टीबी को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि द्वारा सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए चलाई जा रही कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।जिसमे बताया गया कि निश्चय मित्र सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिले के टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि ने बताया की ₹यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम₹ के अन्तर्गत की टीबी से सबंधित प्रचार -प्रसार ग्रामीण स्तर पर पंचायतों के मुखिया को सम्मलित किया जाना हैं। जिससे गांव में टीबी से सबंधित प्रचार -प्रसार बेहतर रूप से हो सके।सभी पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिये जागरूकता अभियान चलाया जाऐगा। टंडवा प्रखंड के अन्तर्गत दस पंचायतों को चिन्हित कर उस पंचायत में टीबी गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ओर दो सालों में उस चिन्हित पंचायतों को टीबी मुकत पंचायत करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से विक्रांत कुमार (डीपीसी), आलोक कुमार श्रीवास्तव,नवीन मिश्रा,अनु कुमार,सुरेश मंडल, रविन्द्र कुमार,संजय यादव,सरफराज एवं समस्त अधिकारी एवं यक्ष्मा कर्मी एवं सीनी संस्था से अमरजीत,ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित थे।






### साइबर ठगों का शिकार हुआ युवक

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के हिरिंग गांव निवासी एक युवक को साइबर अपराधियों ने उसकी पत्नी की प्रसव सहायता राशि देने का झांसा देकर शिकार बना अठारह हजार दो सौ अट्ठानबे (18,298) रुपए ठग लिए। पीड़ित युवक ने हंटरगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ठगों के मोबाइल नंबर व बैंक खाते की ट्रेसिंग में जुटी है। थाना क्षेत्र के हिरिंग गांव निवासी भुक्तभोगी मुकेश कुमार ने बताया कि एक अननोन मोबाइल नंबर से फोन आया, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बोला गया कि हम बाल विकास परियोजना कार्यालय चतरा से बड़ा बाबू दीपक कुमार वर्मा बोल रहें हैं,आपकी पत्नी सुनीता कुमारी का 1 वर्ष 3 माह पूर्व अस्पताल में प्रसव से जो बच्चा हुआ था उसका प्रसव सहायता राशि खाते में भेजना है। आप वीडियो कॉलिंग करें, जैसे ही मैं वीडियो कॉलिंग किया साइबर अपराधी ने बोला जैसे जैसे बोलता हूं वैसे वैसे मोबाइल में करें, जिसके बाद अपराधी के द्वारा बोला गया कि आप फोन पे ऑन करे। मै लालच में आकर जैसा ही पास कोड से फोन पे ऑन किया। कुछ ही क्षण मे मेरे खाते से कुल अठारह हजार दो सौ अट्ठानबे (18,298) राशि की निकासी हो गई। मैं पुनः उस नंबर पर कॉल किया, अपराधी ने आश्वासन दिया कि आप निश्चित रहें आपका सारा पैसा कुछ ही देर में चला जाएगा। कुछ ही देर में नंबर बंद आने लगा, तब मुझे ठगी का एहसास हुआ। उसके बाद हंटरगंज थाना में शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षाः कोर्ट के आदेश के बाद छात्रों में उत्साह, ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे सीएम आवास, जताया आभार

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट के द्वारा सीजीएल रिजल्ट पर लगी रोक को हटाए जाने के बाद इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों का उत्साह चरम पर है। नियुक्ति का रास्ता साफ होने के बाद खुशी से झूमते जेएसएससी सीजीएल के सफल छात्रों का एक समूह ढोल नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पहुंचा। इस दौरान छात्रों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस पूरे मामले में सरकार के सकारात्मक रुख और सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। छात्रों ने कहा कि कोर्ट के फैसले से उनकी मेहनत रंग लाई है और वे जल्द ही राज्य की सेवा कर सकेंगे।

राज्य सरकार ने पूरी निष्पक्षता के साथ कराई जांचः सीएम

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर इरादे नेक हो तो हर चीज बेहतर होती है। इसी का परिणाम है कि जेएसएससी की संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट और नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी सारी अड़चनें अब दूर हो चुकी है। हालांकि, इसमें थोड़ा विलंब हुआ, नहीं तो राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में आपके हाथों में भी नियुक्ति पत्र देने की खुशियां हम सभी मनाते, लेकिन आप सभी को लंबे संघर्ष के बाद मिली सफलता और विजयी होने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में कुछ ऐसे विरोधी तत्व हैं जो हर प्रतियोगिता परीक्षाओं को बाधित करने की साजिश रचते रहते हैं। जेएसएससी संयुक्त



स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर भी उन्होंने षड्यंत्र रचने का प्रयास किया। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा। हमारी सरकार ने पूरी निष्पक्षता के साथ इसकी जांच कराई, जिन्होंने इस प्रतियोगिता परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता को दागदार बनाने की साजिश रची, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हुई। झारखंड उच्च न्यायालय ने भी इसे समझा और आपके ईमानदार प्रयास और भावनाओं को सम्मान देते हुए आपको न्याय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा पिछले 18 वर्षों में सिविल सेवा की जितनी परीक्षाएं ली गई, उतनी परीक्षाएं हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में ही ली हैं। इतना ही नहीं उस दौरान ली गई जेपीएससी की तमाम परीक्षाओं को लेकर धांधली बरते जाने के मामले सामने आए थे, लेकिन हमारी सरकार में ली गई तमाम परीक्षाएं बेदाग रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के साथ हर कदम पर पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। हमारी स्पष्ट सोच है कि जब युवा खुश होंगे तभी हमारा राज्य खुशहाल होगा। यही वजह है कि तमाम चुनौतियों के बीच युवाओं का भविष्य संवारने का प्रयास निरंतर जारी है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उम्मीद जताते हुए कहा था कि जल्द ही सीजीएल को लेकर हमें हाईकोर्ट से न्याय मिलेगा और इस परीक्षा में साजिश रचने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई होगी।

**मुख्यमंत्री के प्रति अभ्यर्थियों ने जताया आभार :** इस अवसर पर अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण राज्य सरकार के द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा प्रकरण से जुड़े पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होने से हमें न्याय मिल सका है। हमारे संघर्ष की जीत हुई है तो इसमें मुख्यमंत्री जी का हमें पूरा सहयोग मिला है।

## रिम्स की जमीन से अतिक्रमण हटाने गई टीम से लोग उलझे

**रांची :** रिम्स की जमीन से 72 घंटे में अतिक्रमण हटाने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुलिस प्रशासन गुरुवार को हरकत में आ गया। डीआईजी ग्राउंड के पास रांची पुलिस ने माइकिंग करके अतिक्रमणकारियों को निर्माण हटाने के निर्देश दिए। इस बीच दो से तीन घरों पर नोटिस भी चस्पा किया गया। हालांकि इस बीच अनाउंसमेंट कर रही टीम से लोग उलझ गए। टीम से महिलाओं ने कहा कि वे वर्षों से यहां रह रही हैं और जमीन खाली नहीं करेंगी। हालांकि पुलिस टीम ने लोगों से पेपर मांगे तो काफी संख्या में भीड़ जुटने लगी। यह देखकर टीम वहां से चली गई। टीम ने लोगों को खुद से 72 घंटे के अंदर रिम्स की अतिक्रमित जमीन खाली करने की अपील की। 72 घंटे का समय दिया गया है कब्जा हटाने को बता दें कि रिम्स की 7 एकड़ से अधिक जमीन अतिक्रमित है। इसे हटाने का आदेश दिया गया है। अतिक्रमित जमीन पर कई घर, अपार्टमेंट बन चुके हैं। कुछ हिस्से में खेती भी हो रही है।

## अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन को लेकर तैयारी जोरों पर



संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एवं अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के संयोजक मंडली के सदस्य बीरेंद्र साहु ने बताया कि दिनांक 14 दिसंबर 2025 को आयोजित अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री दिल्ली से कार्यक्रम के पूर्व उनके सचिवालय स्थित कार्यालय में कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक शिव रतन प्रसाद गुप्ता के अगुवाई में दिल्ली सुंडी समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ एवं अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में अरुण पंजीयार, श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो राम अवतार महतो,वेद प्रकाश, उदय साहु,बीरेंद्र साहु, अरुणदेव कुमार, रामनारायण गुप्ता,रंजन कुमार (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट), हीरालाल प्रधान, ब्रह्मदेव प्रसाद,सरीखे जैसे अनेक लोगों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भेंट कर औपचारिक रूप से उन्हें विधिवत आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने का पूर्व सहमति के आलोक में आग्रह किया।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनसे मिलने गए प्रतिनिधियों से अन्य सभी अतिथियों की जानकारी प्राप्त कर साकारात्मक विचार देते हुए कार्यक्रम की तैयारी एवं भव्यता देखकर प्रसन्नता व्यक्त कर तय समय पर कार्यक्रम स्थल पर शामिल होने की स्वीकृति प्रदान किया। अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी लगातार सभी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली प्रवास में रहते हुए आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक,उड़ीसा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, नेपाल,मॉरीशस, दुबई, जैसे अनेक देशों के प्रतिनिधियों से सीधा संपर्क स्थापित कर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है। जिसका साकारात्मक सहयोग सभी आगत प्रतिनिधिमंडल का मिल रहा है। कार्यक्रम स्थल प्यारेलाल भवन आर टी वो के आस पास होडिंग, तोरण द्वार,पताकाओं एवं बैनर से सजाया जा रहा है इस कार्य के प्रभारी अरुण पंजियार जी ब खूबी निभा रहे हैं। देश विदेश से आ रहे प्रतिनिधियों को ठहराने की व्यवस्था, धर्मशालाओं, एवं होटलों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिनिधि हवाई मार्ग, रेल मार्ग से पहुंचेंगे सभी सम्मानित प्रतिनिधियों को स्वागत के साथ रेलवे स्टेशन एवं हवाई अड्डे पर स्वागत समिति के सदस्यों को जवाबदेही दी गई है।

### आजसू छात्र संघ ने राज्यपाल को ज्ञापन देकर हस्तक्षेप का आग्रह किया

## राज्यपाल ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों की छात्रवृत्ति लंबित होने पर जताई चिंता

संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष गंगवार ने आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्ग के छात्रों को पोस्टझमैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होने पर चिंता जताई है और राज्य सरकार को आवश्यक दिशा निर्देश देने का आश्वासन आजसू छात्र संघ को दिया है। छात्रों के लंबित भुगतान की मांग को लेकर आजसू छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को महामहिम राज्यपाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए एसटी, एससी एवं ओबीसी विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति जल्द जारी कराने की मांग रखते हुए हस्तक्षेप का आग्रह किया। आजसू नेताओं ने राज्यपाल को बताया कि छात्रवृत्ति भुगतान नहीं होने के कारण आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के छात्र पार्ट टाइम जॉब करने को मजबूर हैं, क्योंकि वे गरीब परिवारों से आते हैं।



मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने छात्र प्रतिनिधियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कहा कि छात्रों की समस्याओं पर शीघ्र पहल की जाएगी तथा छात्रवृत्ति भुगतान को लेकर संबंधित विभाग से जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल में आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, पीयूष चौधरी, राजकिशोर महतो और प्रताप सिंह शामिल थे।

विदित हो कि छात्रवृत्ति मुद्दे को लेकर आजसू छात्र संघ कई दिनों से आंदोलनरत है और इसके लिए विगत दिनों ॺशिक्षा के लिए भिक्षा : जनाक्रोश मार्चॾ के माध्यम से राजभवन के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया था, परंतु उस समय राज्यपाल के राज्य से बाहर होने के कारण ज्ञापन नहीं दिया जा सका था। आजसू के अनुरोध के बाद गुरुवार को मुलाकात का समय निर्धारित किया गया था।





## शमीम, नसीम, शहाबुल नसीम सेमी फाइनल की दौड़ में आगे

**रांची।** मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में खेले जा रहे शमी और शब्बीर आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट में रोमांचक और आक्रमक खेल देखने को मिला रहा है जिसमें आज दो मैच खेले गए पहले मैच में शमीम और आजाद की जोड़ी का मुकाबला शमीम मुजीब और युनुस खान की जोड़ी हुआ शानदार सर्विस और बेहतरीन तालमेल के साथ खेलते हुए शमीम और आजाद की जोड़ी शमीम मुजीबी और युनुस खान की जोड़ी पर शुरू से ही दबाव बनाए रखा और पहले सेट में जीत दर्ज कर दूसरे सेट में थोड़े पिछड़ गए और ऐसा लगा कि मैच तीसरे सेट तक चलेगा लेकिन शमीम और आजाद की जोड़ी ने शानदार शॉर्ट की बदौलत मैच दूसरे सेट में ही अपने नाम कर सेमी फाइनल की राह आसान कर लिया, आज के दूसरे मुकाबले में शहाबुल और नसीम की जोड़ी ने डायमंड और नन्हू की जोड़ी को हरा कर सेमी फाइनल की तरफ कदम बढ़ा दिया ।

## आईएचएम पर्यटन उद्योग के लिए कुशल प्रोफेशनल तैयार करने में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिकाः सुदिव्य

**रांची :** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची में गुरुवार को कार्यकारी विकास केंद्र और बालिका छात्रावास विस्तारीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, निदेशक विजया जाधव और संस्थान के प्राचार्य डॉ। भूपेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस अवसर पर कहा कि आईएचएम पर्यटन की दृष्टि से तेजी से उभरता हुआ संस्थान है। यह संस्थान झारखंड के पर्यटन उद्योग के लिए कुशल प्रोफेशनल्स तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और भविष्य में इस क्षेत्र में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने छात्रों को उत्साह, अनुशासन और नवीन सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि खाद्य संस्कृति, स्थानीय व्यंजनों और कृषि संसाधनों के संरक्षण एवं प्रोत्साहन में आईएचएम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने छात्रों को स्थानीय उत्पादों के नवाचार, पोषण एवं सतत विकास को अपनाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने इस दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि वे आईएचएम रांची के विकास की एक नई और महत्वपूर्ण शुरूआत के साक्षी बन रहे हैं, जिसका सपना लंबे समय से देखा जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह विस्तार छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा।

## झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 08 को

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने जानकारी दी है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 08 दिसंबर को अपराह्न 02:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## चुनाव आयोग ईसीआई आपके द्वार कार्यक्रम चलाए : विजय शंकर

**रांची :** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ईमेल पत्र भेजकर चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया को ॾलोकतंत्र पर सीधा हमलाॾ और ॾमतदाता उन्मूलन अभियानॾ करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 12 लाख गरीब, प्रवासी, आदिवासी मूलवासी एवं ग्रामीण मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए तो झारखंड की जनता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरेगी और चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता ही खत्म हो जाएगी। नायक ने इसे ॾमताधिकार पर सुनियोजित प्रहारॾ बताते हुए कहा कि प्रवासी मजदूर, आदिवासी-मूलवासी और दलित-पिछड़े समुदाय में गहरी बेचैनी है। लाखों परिवार रोजगार के लिए बाहर जाते हैं, ग्रामीण /शहरी क्षेत्रों में पता बदलता रहता है और बीएलओ की पहुंच न के बराबर है। ऐसे में बिना ठोस सत्यापन के नाम काटना संवैधानिक अपराध है।

नायक ने कहा कि सरकार आपके द्वारॾ अभियान की तर्ज पर चुनाव आयोग ईसीआई आपके द्वार अभियान शुरू हो झ हर पंचायत, वार्ड और नगर निकाय में हफ्ते में 2-3 दिन विशेष कैंप लगें।

## दहेज प्रताड़ना और गर्भपात के आरोप में ट्रायल चल रहे तीन आरोपी हुए बरी

**रांची :** दहेज प्रताड़ना और गर्भपात कराने के मामले में ट्रायल का सामना कर रहे तीन आरोपियों को कोर्ट से बड़ी राहत मिली हैं. अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने मो. टिपू सुल्तान, मो. साकीर हजाम और नासरीन खातून को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया. यह मामला साल 2017 का है, जब शिकायतकर्ता ए. खातून ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि शादी के बाद उनके पति और ससुराल वालों ने एक लाख रुपए के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग की और पैसे नहीं देने पर मारपीट कर गर्भपात कराने की कोशिश की।

हालांकि, अदालत में गवाही के दौरान पीड़िता ने मामले का समर्थन नहीं किया. उन्होंने कहा कि परिवार के साथ समझौता हो चुका है और अब वह केस को आगे नहीं बढ़ाना चाहती. साथ ही अन्य गवाहों ने भी अदालत को बताया कि उन्हें घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं. अदालत ने इन सब तथ्यों को देखते हुए तीनों आरोपियों को बरी कर दिया।

## ई-कल्याण छात्रवृत्ति के भुगतान को लेकर उपायुक्तों को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

**रांची :** ई-कल्याण छात्रवृत्ति भुगतान में लगातार हो रही देरी और अव्यवस्थाओं के खिलाफ छात्रहित सर्वोपरि मंच, झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में गुरुवार को राज्य के विभिन्न जिलों में एक साथ जिला उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपा गया। यह राज्यव्यापी अभियान मंच के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष आमिर हमजा और संगठन प्रभारी कुणाल पोद्दार के निर्देश पर चलाया गया।

राज्यभर में छात्र नेताओं के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिनमें कोडरमा में सुनील कुमार और अख्तर अंसारी, पलामू में दीपू कुमार सिंह और सचिन सिंह, गोड्डा में विवेकानंद शाह और ललित महतो तथा दुमका में रूपेश यादव और हिमांशु कुमार शामिल रहे।

छात्रहित सर्वोपरि मंच के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा ने जिला प्रशासन से छात्रों की मांगों को तत्काल राज्यपाल और उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं होने पर मंच राज्यव्यापी शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेगा।

राणा ने कहा कि छात्रवृत्ति में देरी के कारण विद्यार्थियों को शुल्क जमा करने, परीक्षा फॉर्म भरने, मार्कशीट लेने और नए सत्र में प्रवेश लेने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्र मजबूरी में कर्ज लेकर पढ़ाई जारी रखने को विवश हैं।

छात्र संगठनों का कहना है कि समय पर छात्रवृत्ति मिलना उनका अधिकार है और इस देरी से बड़े स्तर पर शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। मंच ने साफ कहा कि अब इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।

मंच के प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार द्वारा लंबित 60 प्रतिशत राशि तुरंत जारी करने, सभी लंबित छात्रवृत्तियों का अविलंब भुगतान करने, छात्रवृत्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने और सत्र 2023झ24 और 2024झ25 की छात्रवृत्तियों का जल्द निष्पादन करना शामिल है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 51/2025–26

1)विभाग का नाम :पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2)विज्ञापन दाता का नाम :कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3)परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :11.12.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :12.12.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :12.12.2025 अपराह्न 4 बजे।
6)परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।
2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7)निविदा प्राप्ति का स्थान:1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8)कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of water supply by construction of 3Nos. HYDT with Installation of 3Nos of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor and necessary water supply pipe line, & Its allied works at smart city Dhurwa, Secratory residence, & Near gate no.-2 Jharkhand High court Ranchi. under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 20,52,774.00 | 41100.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2 | Repairing or replacement of sewage pipe and replacement of bathroom & toilet fittings & seepage preventation at quarter no. A-3 Kusai colony, Doranda , C-2, Phed colony, Ranchi under D.W. & S. ,Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 12,00,671.00 | 24100.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 3 | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work , provision of overhead water tank, changing of all saniatry fittings and all allied works at Quarter no.-A-9/10, Type-A, Block-1, Near seth sitaram school, B-34, Block-2, High court, C-2/18 Sachiwalay colony, Behind Indira palace, and Other High court quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 10,52,731.00 | 21100.00 | 2500.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 367738 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## तुरंत मदद जरूरी

कई दशकों की सबसे बड़ी विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी झेल रहे पंजाब में जन-धन की व्यापक क्षति हुई है। खेतों में खड़ी फसलें ही नष्ट नहीं हुई हैं बल्कि खेतों की उर्वरता की भी हानि हुई है। लेकिन जिस गति से उत्तर भारतीय राज्यों को बाढ़ ने अपनी चपेट में लिया है, उसको लेकर राहत की तत्काल प्रतिक्रिया केंद्र सरकार की तरफ से नजर नहीं आती। फिलहाल पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विनाशकारी बाढ़ की चपेट में हैं। विनाशकारी बाढ़ ने व्यापक पैमाने पर फसलों को तबाह किया, घरों को तहस-नहस किया, पशु धन की बबार्दी हुई है और बाढ़ के पानी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। इस आसमानी आफत के सामने लोग लाचार व असहाय नजर आ रहे हैं। नागरिक इस संकट के वक्त में शासन से जिस सहानुभूति और निर्णायक मदद की कार्रवाई की उम्मीद कर रहे थे, उसके बजाय नौकरशाही की सुस्ती और नाममात्र की घोषणाओं ने उन्हें निराश किया है। इस संकट की घड़ी में वे तंत्र की काहिली बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं है कि पंजाब पहले ही कृषि संकट से जूझ रहा था। लेकिन बाढ़ की तबाही ने उसके बड़े उपजाऊ क्षेत्र के संकट को और गंभीर बना दिया है। किसानों को अब सामान्य स्थिति बहाल करने में सालों लग जाएंगे। इसी तरह हिमाचल लगातार दूसरे वर्ष भी अतिवृष्टि जनित व्यापक तबाही की मार झेल रहा है। आपदाग्रस्त हिमाचल में सड़कों का ताना-बाना बिखर गया है। बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने व्यापक जन-धन की हानि की है। राज्य अभी बीते वर्ष की आपदा के जख्मों से उबरा नहीं था कि इस साल अतिवृष्टि ने भयावह तबाही का मंजर पैदा कर दिया। तमाम इलाकों से भूस्खलन और तबाही की खबरें आ रही हैं। राज्य ढहे पुलों और फंसे पर्यटकों के संकट से जूझ रहा है। इससे इस संवेदनशील पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ गई है। इसी तरह हरियाणा के अनेक गांव मुख्य भू-भाग से कट गए हैं। सड़कें नष्ट हुई हैं और मवेशी बह गए हैं। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाओं और बाढ़ ने व्यापक जन-धन की हानि की है। बाढ़ ने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। जिसके चलते राज्य का नाजुक सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना बिगड़ गया है। केंद्र सरकार आपदा राहत की अनुग्रह राशि के चेक देकर और राहत से जुड़े बयानों तक सीमित नहीं रह सकती। इन राज्यों में विनाश के स्तर को देखते हुए तत्काल और ठोस हस्तक्षेप करने की जरूरत है। वक्त की मांग है कि इन क्षेत्रों के लिये विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। आपदा राहत निधि का त्वरित वितरण किया जाए। इसके साथ ही जरूरी है कि पीड़ित परिवारों को तुरंत सीधा वित्तीय हस्तांतरण किया जाए। यदि समय रहते ऐसे कदम नहीं उठाए जाते तो जनाकांक्षाओं के साथ छल ही होगा। केंद्र सरकार को राज्य पर सिर्फ जिम्मेदारी थोपते हुए ऋण को केंद्रीयकृत करने की अपनी प्रवृत्ति को त्यागना होगा। बाढ़ से बेहाल हुए पंजाब को राहत देने के लिये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के बकाया साठ हजार करोड़ रुपये की मांग की है। निस्संदेह, जब पंजाब बाढ़ के गंभीर संकट से जूझ रहा है तो केंद्र से तत्काल सहायता पाना उसका हक बनता है। इसके साथ ही यहां यह भी जरूरी है कि केंद्र व राज्य सरकार आपस में संवादहीनता की स्थिति को खत्म करें। दोनों सरकारें स्वीकार करें कि बाढ़ का संकट गंभीर है और लोगों को राहत पहुंचाना दोनों सरकारों की प्राथमिकता बने। इस संकट की घड़ी से उबरने के लिये राजनीतिक मतभेदों को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है। निस्संदेह, केंद्र सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावितों के लिये तत्काल मदद के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करने की जरूरत है। बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास, शीघ्र जल निकासी और राज्य सरकार और गैर सरकारी संगठनों के मजबूत समन्वय के लिए तत्काल आर्थिक सहायता की जरूरत है। इस संकट की घड़ी का मुकाबला सभी पक्षों के तालमेल व ईमानदार प्रयासों से ही संभव हो सकेगा।

## उम्मीदों की चिप

भारत ने टेक क्रांति की तरफ बढ़ते हुए पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित कर लिया है। इसरो की सेमीकंडक्टर लैब इस कामयाबी की साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। जिनमें से एक पंजाब के मोहाली में स्थित है। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं। दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# ओटीटी की अनियंत्रित अश्लीलता : साहित्य परिषद् और न्यायपालिका की साझा चिंता

ओटीटी की अनियंत्रित सामग्री को लेकर सरकार को कठोर कदम उठाने की सलाह दी। दोनों घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट की ओर संकेत करती हैं, जिसे अब अनदेखा करना राष्ट्र के लिए संभव नहीं है। भारतीय समाज लंबे समय से अपनी सांस्कृतिक आत्मा, नैतिक मयार्दाओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन के नाम पर इन मूल्यों को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त किया जा रहा है।

-डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी

नवम्बर माह में देश के सांस्कृतिक परिदृश्य में दो ऐसी घटनाएँ सामने आईं, जिन्होंने भारतीय समाज के नैतिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरचना और युवा पीढ़ी के मानसिक भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। एक ओर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील और मूल्यहीन सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता दर्ज कराते हुए एक व्यापक प्रस्ताव पारित किया। दूसरी ओर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओटीटी की अनियंत्रित सामग्री को लेकर सरकार को कठोर कदम उठाने की सलाह दी। दोनों घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट की ओर संकेत करती हैं, जिसे अब अनदेखा करना राष्ट्र के लिए संभव नहीं है। भारतीय समाज लंबे समय से अपनी सांस्कृतिक आत्मा, नैतिक मयार्दाओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन के नाम पर इन मूल्यों को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त किया जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, जो एक समय रचनात्मकता, स्वतंत्र प्रयोग और कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम माने जाते थे, अब बड़े स्तर पर अश्लीलता, उग्रता, विकृति और अराजकता के केंद्र बनते जा रहे हैं। फिल्मों और वेबसीरीज में नग्नता और हिंसा को ह्यरियलिज्मह्न का नाम दिया जा रहा है, पात्रों की भाषा में गालियों और भद्दे संवादों को ह्यक्रिएटिव फ्रीडमह्न बताकर परोसा जा रहा है और युवा पीढ़ी इसे आधुनिकता का प्रतीक समझने के भ्रम में फँसती जा रही है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जो भारत की सभी भाषाओं, बोलियों और लिपियों के संरक्षण-संवर्धन का संवैधानिक दायित्व निभाने वाला संगठन है ने इसी संकट को रेखांकित किया है। परिषद् का कहना है कि ओटीटी की सामग्री युवाओं के मन-मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार, नशाखोरी और हिंसक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रही है। न केवल सामग्री, बल्कि उस सामग्री के प्रचार-प्रसार की शैली भी उतनी ही चिंताजनक है। पोस्टर, ट्रेलर, सोशल मीडिया रीले–सबमें आकर्षण का आधार ह्यसंस्कृति-विरोधह्न और ह्यवर्जना-भंगह्न बनता जा रहा है। विभिन्न शोध भी इस संकट की पुष्टि करते हैं। हाल ही में दिल्ली और मुंबई के कॉलेजों में किए गए सर्वे से पता चला कि 14 से 18 वर्ष के बीच के 70% बच्चे बिना किसी आयु-नियंत्रण के ओटीटी पर वयस्क सामग्री देखते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक रिपोर्टें बताती हैं कि लगातार हिंसा और अश्लीलता के संपर्क में रहने से किशोरों में तनाव, अवसाद, आक्रामकता और संबंधों की गलत समझ विकसित होती है। साहित्य परिषद् ने केवल ओटीटी ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती विकृति पर भी चिंता जताई है। आज कई लोकप्रिय गेम, जिनमें हिंसा, हत्याएँ और आभासी अपराध मुख्य तत्व हैं, युवाओं में नशे की तरह फैल चुके हैं। बीते वर्षों में ह्यब्लू व्हेल चैलेंजह्न, ह्यपबजीह्न की लत से मानसिक विकृति, चोरी-डकैती और आत्महत्या तक की घटनाएँ सामने आईं। कई राज्यों में ऐसी घटनाओं के बाद गेमिंग पर प्रतिबंध और निगरानी की माँग उठी, किंतु इसका व्यापक समाधान आज भी प्रतीक्षित है। इस संदर्भ में परिषद् ने जो पाँच प्रमुख माँगें रखी हैं, वे पूरी तरह तार्किक एवं राष्ट्रीय हित में हैं- स्वायत्त नियामक संस्था का गठन, सांस्कृतिक संवेदनशीलता की अनिवार्यता, बच्चों के लिए आयु-आधारित सामग्री का नियंत्रण, विकृत सामग्री पर कानूनी कार्रवाई और भारतीय मूल्यों पर आधारित वैकल्पिक मनोरंजन को प्रोत्साहन। वास्तव में, यदि एक राष्ट्र अपनी किशोर और युवा पीढ़ी को ही सुरक्षित न रख सके, तो उसकी प्रगति और सांस्कृतिक गरिमा दोनों खतरे में पड़ जाती हैं।

इसी के समानांतर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियाँ इस मुद्दे को और गंभीर बनाती हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अमूल्य अधिकार है, पर इसका दुरुपयोग समाज के लिए हानिकारक है। अदालत ने यह भी कहा कि अश्लील सामग्री देने से पहले चेतावनी और नियमन अनिवार्य होना चाहिए। न्यायालय का यह संकेत महज कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि समाज के प्रति नैतिक चेतावनी है यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह प्रवृत्ति विकृति और अराजकता का रूप ले सकती है। साहित्य परिषद् ने अपने अधिवेशन में ₹आत्मबोध से विश्वबोध₹ की परिकल्पना को आगामी वर्षों के वैचारिक पथ के रूप में निर्धारित किया है। यह संकल्प इस बात का संकेत है कि राष्ट्र की आत्मा तभी विश्वगुरु बन सकती है जब वह पहले स्वयं के भीतर की विकृतियों को पहचाने और उन्हें दूर करने का प्रयास करे। ओटीटी और डिजिटल माध्यमों की यह उच्छृंखलता भारत की सांस्कृतिक आत्मा के सामने वही चुनौती खड़ी कर रही है, जो औपनिवेशिक काल में भाषा, संस्कृति और परंपरा के सामने खड़ी हुई थी–बस माध्यम बदल गए हैं, स्वरूप बदला है, संकट वही है। आज आवश्यकता सांस्कृतिक पुनर्जागरण की है। कई देश जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और चीन–अपने डिजिटल माध्यमों पर कठोर सांस्कृतिक नियंत्रण रखते हैं। चीन में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गेमिंग खेलने के घंटे कानूनी रूप से सीमित हैं। दक्षिण कोरिया में अश्लील सामग्री का प्रसार कड़े दंड का विषय है। जापान ने मीडिया और मनोरंजन में सांस्कृतिक मूल्यों को अनिवार्य तत्व बनाया है। ये देश तकनीकी रूप से विकसित होने के बावजूद मूल्यहीनता को आधुनिकता का पर्याय नहीं मानते। भारत के लिए यह समय है कि वह अपनी सांस्कृतिक आत्मा को खोए बिना आधुनिकता की ओर बढ़े। समस्या यह भी रही है कि ह्यअभिव्यक्ति की स्वतंत्रताह्न को एक ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है जहाँ सभी सामाजिक और परंपरागत मान्यताएँ अप्रासंगिक बताई जाएँ। यह स्वतंत्रता जब मयार्दा खो देती है, तो वह स्वेच्छाचार बन जाती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति का अधिकार उतना ही पवित्र है जितना उसका दुरुपयोग खतरनाक। समाज जब तक अपनी दिशाबोध खोए बिना स्वतंत्रता की सीमाएँ तय नहीं करेगा, तब तक अश्लीलता, हिंसा और विकृति का बाजार बढ़ता ही रहेगा। आज ओटीटी की सामग्री केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान को प्रभावित करने वाला तंत्र बन चुकी है। जिस समाज में मनोरंजन संवेदना और मयार्दा पर भारी पड़ने लगे, वहाँ संस्कृति और भविष्य दोनों संकटग्रस्त हो जाते हैं। परिवार टूटने लगते हैं, संबंध उपभोग की वस्तु बन जाते हैं और जीवन मूल्य व्यंग्य का विषय। साहित्य परिषद् और सर्वोच्च न्यायालय की संयुक्त चिंता यह स्पष्ट करती है कि यह केवल ह्यकंटेंटह्न का मुद्दा नहीं, बल्कि ह्यसामाजिक दिशाह्न का प्रश्न है। यह आज का संकट नहीं, आने वाले वर्षों की संभावित आपदा का पूर्व संकेत है।

यदि समाज चाहता है कि उसकी भावी पीढ़ी संवेदनशील, मजबूत और मूल्यवान बने, तो ओटीटी के इस अनियंत्रित विस्तार को नियमन और मयार्दा की आवश्यकता है। यह केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि समाज, परिवार और शिक्षा संस्थानों की भी समान जिम्मेदारी है। भारत आत्मबोध के मार्ग पर खड़ा है। आत्मबोध तभी संभव है जब समाज अपनी मूल सांस्कृतिक चेतना को पहचानकर भविष्य की दिशा तय करे।

# घुसपैठ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

पश्चिम बंगाल में पचपन से साठ लाख तक और असम में पचास लाख तक की संख्या बताई जाती है। गुजरात, दिल्ली और महाराष्ट्र में लगातार चल रही छापेमार कार्रवाइयाँ इस संकट की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका प्रमाण देती हैं। इन परिस्थितियों के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया रुख एक चेतावनी के रूप में सामने आया है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अवैध प्रवेश करने वालों के लिए लाल कालीन नहीं बिछा सकता।

डॉ.चतुर्वेदी

तीभारत आज एक ऐसी चुनौती से जूझ रहा है जिसे राजनीतिक शोरगुल और मानवीय दलीलों की आड़ में अक्सर दबा दिया जाता है, जबकि उसकी तीक्ष्णता लगातार बढ़ रही है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की बढ़ती संख?या अब केवल आंकड़ों का खेल नहीं रही, यह देश की सामाजिक संरचना, सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई तक चोट पहुँचा चुकी समस्या बन चुकी है। अलग-अलग आकलनों के अनुसार भारत में दो करोड़ से लेकर छह करोड़ तक अवैध घुसपैठिये मौजूद हो सकते हैं। केवल पश्चिम बंगाल में पचपन से साठ लाख तक और असम में पचास लाख तक की संख्या बताई जाती है। गुजरात, दिल्ली और महाराष्ट्र में लगातार चल रही छापेमार कार्रवाइयाँ इस संकट की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका प्रमाण देती हैं। इन परिस्थितियों के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया रुख एक चेतावनी के रूप में सामने आया है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अवैध प्रवेश करने वालों के लिए लाल कालीन नहीं बिछा सकता। यह चेतावनी अचानक नहीं आई। यह दशकों से खुली सरहदों और राजनीतिक ढिलाई का नतीजा है। न?यायालय ने पूछा कि क्या इन लोगों को भारत सरकार ने शरणार्थी घोषित किया है। जब इसका जवाब न में मिला, तो अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि फिर कानून की दृष्टि से वे घुसपैठिये हैं। यह स्थिति साफ है और इसमें कोई दुविधा नहीं रहनी चाहिए। न्यायालय की टिप्पणी वस?तुतः उस वास्तविकता की ओर सीधा संकेत है जिसे लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। भारत के अपने नागरिक आज भी गरीबी, बेरोजगारी और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में जो लोग अवैध तरीके से सीमा पार करके भारत में दाखिल होते हैं, वे सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ ही कहना होगा कि देश के सीमित संसाधनों पर भारी बोझ हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल कि क्या भारतीय नागरिकों की कीमत पर अवैध घुसपैठियों को संसाधन और लाभ दिए जाएँ, बिल्कुल उचित है। अदालत ने कहा कि भारत में भी बहुत गरीब लोग मौजूद हैं जिनके अधिकारों और जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सबसे बड़ा खतरा सुरक्षा का है। घुसपैठिये बाड़ काटकर, नदी पार करके या नकली दस्तावेजों के सहारे भारत में आते हैं। इनमें से कई अपराधी, तस्कर या कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े भी हो सकते हैं। कई बार ऐसे नेटवर्क पकड़े गए हैं। असम, बंगाल और दिल्ली में मिले फर्जी पहचान पत्र इस खतरे को और पुष्ट करते हैं। जब अवैध प्रवासी मतदाता सूची में घुसने लगते हैं, तब वे सिर्फ सुरक्षा पर हमला नहीं कर रहे होते हैं, वास?तव में ये लोकतंत्र की बुनियादी संरचना पर हमला होता है। घुसपैठ का दूसरा बड़ा दुष्परिणाम आर्थिक और सामाजिक असंतुलन है। अवैध तरीके से बसे लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले लेते हैं, राशन कार्ड हासिल कर लेते हैं, मजदूरी पर प्रभाव डालते हैं और स्थानीय लोगों के रोजगार को प्रभावित करते हैं। उनके कारण मजदूरी दरें गिरती हैं और सरकारी संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। शहरों में भीड़ और अवैध बस्तियों की बढ़ोतरी इसी का परिणाम है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अवैध प्रवासी जिस राज्य में बसते हैं वहाँ की जनसांख्यिकीय संरचना बदलने लगती है। असम, त्रिपुरा और बंगाल जैसे राज्यों में यह बदलाव अब साफ दिखने लगा है। यह बदलाव भविष्य में सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और सांस्कृतिक संघर्ष की जमीन तैयार कर सकता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश में घर-घर घुसपैठियों की तलाश का आदेश बताता है कि यह समस्या आज सिर्फ पूर्वोत्तर या पूर्वी भारत तक सीमित नहीं रह गई है। अवैध प्रवासी अब देश के हर हिस्से में पहुँच चुके हैं। वे पहचान पत्र बनवा लेते हैं और धीरे-धीरे स्थायी बसावट की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। यह स्थिति पूरे प्रशासनिक ढांचे के लिए चुनौती बन चुकी है। फिर इन सबके बीच यह तर्क दिया जाता है कि निर्वासन केवल कानूनी प्रक्रिया के अनुसार हो। पर न?यायालय ने इसका सीधा और तार्किक उत्तर दिया आज दे दिया है । कोर्ट ने स?पष?ट कहा है कि पहले अवैध तरीके से सीमा पार की जाए और जब पकड़ में आएँ तो कहा जाए कि अब हमें भारतीय कानूनों का पूरा संरक्षण दिया जाए, यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता। कानून का दुरुपयोग और राष्ट्र के संसाधनों का दोहन किसी भी परिस्थिति में न्यायोचित नहीं है। वास?तव में ऐसे में कहना यही होगा कि भारत को अब इस समस्या को केवल मानवीय दृष्टिकोण या राजनीतिक नफा नुकसान के चश्मे से देखने की पुरानी प्रवृत्ति छोड़नी होगी। यह समय निर्णायक कदम उठाने का है। सीमा प्रबंधन को तकनीकी रूप से और मजबूत बनाना होगा। अवैध दस्तावेज बनवाने वाले नेटवर्कों पर कठोर कार्रवाई करनी होगी। नागरिकता और शरणार्थी नीति को स्पष्ट और पारदर्शी बनाना होगा। साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों को एक समान नीति के तहत इस संकट से निपटना होगा। घुसपैठ कोई साधारण समस्या नहीं है। यह एक धीमा विष है जो राष्ट्र की नसों में फैलता है। यह सुरक्षा को चोट पहुँचाता है, अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है, सामाजिक माहौल को बदरंग करता है और लोकतांत्रिक संरचना को भीतर से खोखला करता है। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी भारत के लिए समय पर आया हुआ सिग्नल है। अब यह सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे देश की सीमाओं को सुरक्षित करें और इस लगातार बढ़ती चुनौती को निर्णायक रूप से रोकें। वस्तुतः भारत की मजबूती उसकी सीमाओं की सुरक्षा में है और घुसपैठ उन दीवारों में दरार डालने वाली अनदेखी आग है। इस आग को तुरंत बुझाना होगा अन?यथा आने वाले वर्षों में इसका दुष्परिणाम भारत की स्थिरता और पहचान पर भारी पड़ सकता है। समस?या विकराल हो उससे पहले उसका निदान जरूरी है। अच?छा है न?यायालय उस दिशा में अपने कदम बढ़ा चुका है। ऐसे में जो मानवाधिकार के नाम पर हल?ला कर रहे हैं, उन्हें भी इन घुसपैठियों पर अपनी आंखें खोल लेनी चाहिए।

# संकटमोचन हनुमान को चढ़ाएं सरसों का तेल, खत्म होंगी हर समस्याएं

लोहनुमान जी की पूजा में चमेली के तेल और सिंदूर का प्रयोग किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शनिदेव की तरह हनुमान जी को भी सरसों का तेल अर्पित किया जाता है। बता दें कि हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने का विशेष महत्व होता है। यह उपाय उन लोगों के लिए अधिक फायदेमंद होता है, जो शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या से परेशान हैं। माना जाता है कि हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने से शनिदेव की भी कृपा मिलती है और बुरे प्रभावों को कम करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हनुमान जी को सरसों का तेल कब और कैसे अर्पित करना चाहिए।




**कब और कैसे चढ़ाएं सरसों का तेल**

मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाना सबसे उत्तम माना जाता है। क्योंकि मंगलवार का दिन हनुमान जी का है और शनिवार का दिन शनिदेव का है। ऐसे में इस दिन हनुमान जी को सरसों का तेल अर्पित करने से शनि की पीड़ा और जीवन में आने वाली अन्य समस्याओं का अंत होता है। मंगलवार या शनिवार के दिन सबसे पहले सुबह स्नान आदि करने के बाद साफ कपड़े पहनें। फिर पूजा के लिए हनुमान जी की मूर्ति लें और एक दीपक में सरसों का तेल लें। अगर संभव हो तो दीपक मिट्टी का ले लें। इसके अलावा थोड़ा सा तेल हनुमान जी के शरीर पर लगाएं। इस दौरान आप 'ॐ श्री हनुमते नमः' और 'ॐ हनुमते नमः' मंत्र का जाप करें। हनुमान जी को तेल अर्पित करने के बाद सुंदरकांड, बजरंग बाण या हनुमान चालीसा का पाठ करें। वहीं पूजा समाप्त होने के बाद चने और गुड़ का प्रसाद हनुमान जी को अर्पित करें।

**हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने के लाभ**

बता दें कि हनुमान जी को सरसों का तेल चढ़ाने के कई लाभ मिल सकते हैं। यह उपाय उन लोगों के लिए विशेषरूप से फायदेमंद साबित हो सकता है, जो शनि की महादशा, साढ़ेसाती या फिर ढैय्या से पीड़ित हैं। ऐसे में इस उपाय को करने से शनिदेव की क्रूर दृष्टि शांत होती है। वहीं यह उपाय जीवन में आने वाले दुखों, बाधाओं और परेशानियों को भी दूर करता है। माना जाता है कि हनुमान जी को सरसों का तेल अर्पित करने से निगेटिव एनर्जी दूर होती है और जातक को सफलता, शक्ति और साहस मिलता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# रंगदारी की मांग को लेकर होटल पर फायरिंग करने के मामले में दुमका पुलिस की कारवाई, 2 भाई समेत 5 गिरफ्तार

**संवाददाता**

दुमकाः पांच लाख की रंगदारी नहीं देने पर पांच दिन पूर्व 30 नवंबर की देर रात पुलिस लाइन के समीप राधिका होटल पर 6 राउंड गोली चलाने के मामले में पुलिस ने दो भाई समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जेल जाने वालों में किशोर यादव, उसका भाई बाबुल यादव, अनूप यादव, कौशल यादव और राजकुमार यादव शामिल है। अभी भी छह नामजद और नौ अज्ञात युवक फरार है। पुलिस ने उस स्कॉर्पियो को भी जब्त किया है, जिसमें सभी लोग आए थे।

राधिका होटल दुमका-रामपुरहाट मुख्य मार्ग ठ्ळ 114अ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अवस्थित है। थाने में किए गए एफआईआर में होटल मालिक ने पांच लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने के प्रयास में गोली चलाने की बात कही थी।



### एसपी ने दी जानकारी

गुरुवार को पुलिस सभागार में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि राधिका होटल के संचालक और आरोपियों के बीच पहले से कुछ विवाद चल रहा था। 30 नवंबर की रात सभी आरोपियों ने होटल के बाहर छह राउंड फायरिंग की थी। हालांकि गोलियां शटर और शीशे के गेट पर लगी जिससे कोई हताहत नहीं हुआ था। फायरिंग को लेकर होटल संचालक के बयान पर 8 नामजद और एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

दोषियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ विजय कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। इधर घटना को अंजाम देने के बाद सभी फरार हो गए थे। पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज हाथ में आने के बाद पुलिस ने जामा और बिहार के भागलपुर से इन पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एसपी ने बताया कि अभी तक गोलीबारी में प्रयुक्त प्रयुक्त पिस्तौल बरामद नहीं हुआ है। इन्होंने बताया कि घटना में शामिल एक साथी पिस्टल लेकर भाग गया है। सभी की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

### गिरफ्तार किशोर यादव हत्या केस का नामजद आरोपी

एसपी ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किशोर यादव वर्ष 2016 में जिला परिषद सदस्य भगवत रावत की हत्या में शामिल था। नगर थाना की पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की थी और अभी वह जमानत पर है। इसके अलावा बाकी अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

## योजनाओं को गांव के अंतिम लाभुकों तक पहुंचाना जिम्मेदारी : सुबोध



**संवाददाता**

**साहिबगंज:**मंडरो प्रखंड में झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को उत्तरी महादेववरण गांव में पंचायत सचिवों व कार्यकताओं की बैठक हुई। जहां इस बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने और हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा और प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन उपस्थित थे। जहां प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गांव के अंतिम लाभुकों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उधर आयोजित बैठक में कई संगठनात्मक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई जहां झामुमो कार्यकताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला सचिव संगीता हांसदा, विशाल हांसदा, सफीक आलम समेत अन्य झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शहर की साफ सफाई को लेकर नगर परिषद प्रशासक ने की बैठक



साहिबगंजः नगर परिषद कार्यालय में गुरुवार को प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शहर की साफ सफाई को लेकर आकांक्षा वेस्ट मैनेजमेंट के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक में नगर प्रबंधक बिरेश कुमार, सेनेटरी इंसपेक्टर प्रिंस कुमार, आकांक्षा वेस्ट मैनेजमेंट के प्रतिनिधि, पीएमसी लीडर, फील्ड सुपरवाईजर आदि मौजूद थे।

## उत्क्रमित विद्यालय तुलमेपहाड़ की स्थिति बेहद खराब जान जोखिम में डालकर बच्चें कर रहे पढ़ाई

**संवाददाता**

**साहिबगंज/तालझारीः** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तुलमेपहाड़ की स्थिति बेहद खराब है जहां इस विद्यालय में कुल 26 बच्चे नामांकित हैं लेकिन विद्यालय का भवन इतना जर्जर हो चुका है कि बच्चों को प्रतिदिन जान जोखिम के बीच पढ़ाई करनी पड़ती है। वही विद्यालय में मौजूद तीन कमरों में से दो कमरे पूरी तरह टूटफूट की स्थिति में हैं। वही फर्श से मलबा लगातार गिरता रहता है।जिससे लोहे के सरिये तक दिखाई देने लगे हैं ऐसी स्थिति में बच्चों का बैठना और यहां पढ़ाई करना असुरक्षित हो गया है। वही समस्या सिर्फ भवन तक ही सीमित नहीं है जहां इस विद्यालय में आज तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गई है जबकि विद्यालय के सटे हुए तुलमेपहाड़ गांव तक बिजली पहुंच चुकी है। उधर बिजली का अभाव शिक्षण कार्य और स्कूल की अन्य गतिविधियों को प्रभावित कर रहा है। जहां विद्यालय के प्रधानाचार्य सपन मंडल ने बताया कि जर्जर भवन की मरम्मती और बिजली कनेक्शन के लिए कई बार बीआरसी कार्यालय को जानकारी दी गई है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं बीपीओ दीपक मंडल ने स्वीकार किया कि विद्यालय जर्जर अवस्था में है इस संबंध में वरीय पदाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जायेगी। उधर ग्रामीणों और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए शीघ्र मरम्मत जरूरी है।



# रनिंग स्टाफ ने लंबित मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर विरोध जताया

**संवाददाता**

साहिबगंजः सीडब्ल्यूसी एआईएल आरएसए के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर पूरे देश की सभी लॉबी में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट 48 घंटे के उपवास पर रहकर ट्रेन संचालन कर रहे थे। जहां इसी क्रम में साहिबगंज लॉबी में भी मंगलवार से रनिंग स्टाफ ने लंबित मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर विरोध जताया। जहां 48 घंटे बीत जाने के बाद भूख हड़ताल पर जल ग्रहण कर समाप्त किया। इस मौके पर रेल कर्मचारियों ने कहा कि रनिंग स्टाफ रेलवे की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी हो रही है। वही रनिंग अलाउंस में 25% बढ़ोतरी 1 जनवरी 2024 से लागू होनी चाहिए थी।लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है।जिसके कारण स्टाफ आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहा है। उधर रनिंग माइलेज पर आयकर में मिलने वाली 70% छूट बंद होने से कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ गया है। इसके अलावा पीआर रेस्ट का 30-16 यानी कुल 46 घंटे का नियम भी जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे कार्य, विश्राम व संतुलन बिगड़ रहा है। आगे कर्मचारियों ने कहा कि किसी भी गाड़ी का सुरक्षित संचालन लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के कंधों पर होता है। जहां वे हर मौसम, हर परिस्थिति में सबसे आगे खड़े होकर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसके बावजूद एसपीएडी के मामूली आरोप में भी बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई की जाती है, जो न्यायसंगत नहीं है। जहां उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मान्यता प्राप्त यूनियनें रनिंग स्टाफ की समस्याओं को गंभीरता से नहीं उठा रही हैं। जहां रनिंग स्टाफ ने चेतावनी दी कि यदि भारत सरकार और रेलवे बोर्ड ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन और उग्र किया जायेगा। जहां आगे चक्का जाम जैसे बड़े कदम उठाए जायेंगे। उधर कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक सचिव गोपाल कुमार ने की। इस मौके पर दिवाकर कुमार, संतोष कुमार, विनय कुमार, कुंदन कुमार, ब्रजेश कुमार, जेएस विद्यार्थी, कुमुद रंजन, सुभाष, राजीव, कृष्णा, मौसम सहित कई अन्य रनिंग स्टाफ मौजूद थे।




## अपराधिक षड्यंत्र रचने वाले आरोपी को मनिहारी से गिरफ्तार कर भेजा जेल



**संवाददाता**

**साहिबगंजः** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने बिते दोपहर 2 बजे वर्ष 2020 में अपराधिक षड्यंत्र रचने के मामले में शामिल आरोपी रुदल यादव उम्र 44 वर्ष पिता स्व। मसुदन यादव को बिहार राज्य के कटिहार जिला अंतर्गत मनिहारी थाना क्षेत्र के बोलिया से गिरफ्तार करने के बाद आरोपी का मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन आरोपी का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार अप्राथमिकी अभियुक्त रुदल यादव के खिलाफ जिरवाबाड़ी बोरियो थाना कांड संख्या 222/20 के तहत पहले से मामला दर्ज था जिसमें आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

# आश्रय गृहों और रैन बसेरों में रहने वालों को चिन्हित किया जाएगा : अखलेश

**संवाददाता**

**साहिबगंज**ःझारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के दिशानिर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा साहिबगंज के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखलेश कुमार ने व्यवहार न्यायालय साहिबगंज के परिसर में जरूरतमंदों और दिव्यांगजनों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया। जबकि डालसा अध्यक्ष अखिल कुमार ने कहा कि यह कंबल वितरण अभियान केवल तक ही सीमित नहीं है बल्कि उन्होंने प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद के सहयोग से यह अभियान आगे भी जारी रखा जाए।इसके अतिरिक्त, प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने पैरा लीगल वालंटियर्स न्याय मित्र की एक टीम का गठन किया है। यह टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में जाएगी और अत्यंत जरूरतमंद, लाचार, वृद्ध, विधवा और बेसहारा बच्चों, विभिन्न आश्रय गृहों और रैन बसेरों में रहने वालों को चिन्हित करेगी। टीम उन्हें ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबल उपलब्ध कराएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वे सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी उठा सकें।जब पुनीत कार्य के दौरान अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद न्यायालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति और कर्मचारी उपस्थित थे। जिन्होंने सहयोग किया।कानूनी समस्याओं या सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन 15100 पर, या प्राधिकार के मोबाइल नंबर 9471521725 पर कॉल करके और इमेल कर संपर्क



## सीएचओ को मिला भीबीडी का एकदिवसीय प्रशिक्षण

मेदिनीनगर : पलामू जिले के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चार सीएचओ को वेक्टर जनित रोग (वीबीडी) का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणकर्ता के रूप में माइक्रो-बायोलॉजिस्ट मासूम रजा, वीबीडी सलाहकार सुनील कुमार एवं एपिडर्मोलॉजिस्ट डॉ अनूप कुमार उपस्थित रहे। डॉ अनूप कुमार ने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया सहित अन्य रोगों के फैलने के कारण और इसके रोकथाम के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद इन बीमारियों के बेहतर जांच और ईलाज में सहुलियत होगी। मौके पर प्रशिक्षण में 40 सीएचओ उपस्थित रहे।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता में हुई थी बोकारो में बुजुर्ग दंपती की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



बोकारोः शहर में पिछले दिनों हुए डबल मर्डर का बोकारो पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बुजुर्ग दंपती की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने की है। आरोपियों से पूछताछ में हत्या के पीछे की वजह निकलकर सामने आई है।

**01 दिसंबर को हुई थी दंपती की हत्या :** एसपी ने बताया कि हरला थाना क्षेत्र के जोशी कॉलोनी गेट नंबर-03 में 01 दिसंबर 2025 की रात होटल संचालक महावीर साव (70) और कौशल्या देवी (65) की हत्या कर दी गई थी। घटना के उद्भेदन को लेकर सीटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त दोनों अपराधियों ओमप्रकाश कुमार उर्फ ललुआ और उसके सहयोगी रामचंद्र कुमार उर्फ बिद्ध को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी हरला थाना क्षेत्र के जोशी कॉलोनी के ही निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त खून लगा चाकू, खून से सने ईंट, घटना के समय पहने गए खून लगे कपड़े और मृत दंपती का मोबाइल बरामद किया है।

**व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता में हुई थी हत्या :** एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में हत्या के पीछे होटल व्यवसाय में प्रतिद्वंद्विता की बात सामने आई है। बुजुर्ग दंपती चाय-पकौड़ी की दुकान चलाते थे। दंपती की दुकान के ठीक सामने ओमप्रकाश भी दुकान लगाता था। दोनों दुकानदारों के बीच ग्राहकों को लेकर विवाद रहता था और कभी-कभी कहासुनी भी हो जाती थी। जिससे ओमप्रकाश दंपती से रंजिश रखता था।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और आपसी मनमुटाव के कारण ओमप्रकाश उन्हें पसंद नहीं करता था। घटना की रात आरोपी ओमप्रकाश और उसका साथी रामचंद्र शराब के नशे में थे। नशे की हालत में दोनों ने मिलकर दंपती पर हमला कर दिया और उनकी हत्या कर दी।

## मलय डैम के बोट संचालक और पर्यटकों में मारपीट में पांच जख्मी

सतबरवा : पलामू जिले के सतबरवा अंचल अंतर्गत मलय डैम पर बोट संचालक और पर्यटकों के बीच गुरुवार की शाम में मारपीट हो गई है। मारपीट की घटना में पांच जख्मी लोग हैं। तुंबागड़ा के निजी अस्पताल में घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। तीन पर्यटक और दो बोट संचालक जख्मी हैं। मलय डैम में बोटिंग करने के लिए कसियाडीह गांव से मथुरा मिस्त्री के दो पुत्र और एक दामाद का नाम शामिल है। इसी दौरान दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं होने के दौरान हाथापाई के बाद मारपीट में तब्दील हो गई। सुनील सिंह और चिंटू सिंह दोनों बोट संचालक गड्ढे में गिर गए।

चिंटू सिंह का हाथ फैक्चर हो गया, जबकि सुनील के सिर में चोट लगी। मथुरा मिस्त्री के पुत्र ने बताया कि घर में आए कुछ गेस्ट को लेकर मलय डैम पर घुमाने गए थे। इसी दौरान ज्यादा पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था। मथुरा मिस्त्री घर में शादी का कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है। इस बीच घटना होने से घर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने घटना की पुष्टि की। एएसआई सुबोध कुमार ने बताया कि मलय डैम में बोटिंग को लेकर बोट संचालक और घूमने आए लोगों में मारपीट हुई है, पांच जख्मी हैं। मामले की जांच की जा रही है। इधर डॉक्टर ने बताया कि कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जाएगा।


## जेएनवी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे 2828 परीक्षार्थी

मेदिनीनगर : जवाहर नवोदय विद्यालय -1 मेदिनीनगर में वर्ग छह में 40 सीट पर नामांकन के लिए 13 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा सुबह साढ़े बजे से प्रारंभ होगी,जो दोपहर डेढ़ बजे समाप्त हो होगी। प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त कराने के लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। इस परीक्षा में 2828 परीक्षार्थी सम्मलित होंगें। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया कि रोटरी स्कूल चैनपुर परीक्षा केंद्र में चैनपुर प्रखंड और सदर प्रखंड मेदिनीनगर के परीक्षार्थी सम्मलित होंगे। चैनपुर प्रखंड के 271 और सदर प्रखंड के 254 परीक्षार्थी सम्मलित होंगे। आरएमएस बारालोटा परीक्षा केंद्र पर रामगढ़ प्रखंड के 100 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

राजकीयकृत गिरिवर प्लस-2 हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर लेस्लीगंज प्रखंड और सतबरवा प्रखंड के क्रमशः 333 और 332 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला स्कूल परीक्षा केंद्र पर मनातू प्रखंड के 333, राजकीयकृत सर्वोदय गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर पड़वा प्रखंड के 188, राजकीयकृत प्लस-2 गर्ल्स हाई स्कूल (केजी स्कूल) परीक्षा केंद्र पर पांकी प्रखंड के 435, ब्राह्मण प्लस-2 हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर पाटन प्रखंड के 348 और गणेश लाल अग्रवाल हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर तरहसी प्रखंड के 236 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

## पुरुषों को महिला वार्ड से बाहर कर पाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है : महिला होमगार्ड

साहिबगंजः जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में इन दिनों नियमों की अनदेखी पुरजोर तरीके से की जा रही है। जहां प्रसूता महिला वार्ड में भर्ती गर्भवती महिलाओं के बेड पर पुरुष बड़े आराम से लेटकर मोबाइल फोन चला रहे हैं जिसको देखने वाला कोई भी नहीं है। ताजा मामला गुरुवार दोपहर 3 बजे को उस वक्त देखने को मिला जब महिला वार्ड के एक बेड पर पुरुष बड़े ही आराम से लेटकर मोबाइल फोन देख रहा था । जहां महिला वार्ड में भर्ती गर्भवती महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान का सख्त निर्देश है कि कोई भी पुरुष महिला वार्ड में नहीं घुसेंगे और न ही अपने भर्ती मरीजों के साथ रहेंगे मगर सदर अस्पताल में इन नियमों का कड़ाई से पालन होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। उधर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात महिला होमगार्ड जवान का कहना है कि जब भी वैसे पुरुषों को महिला वार्ड में रहने से मना किया जाता है तो उल्टे उनके परिजन उन्हीं से लड़ बैठते हैं या फिर लड़ाई झगड़ा करने लगते हैं जिसके कारण इन पुरुषों को





## विद्या बालन ने 'द डर्टी पिक्चर' 14 साल का जश्न

**14 साल पहले 'द डर्टी पिक्चर' सिर्फ़ रिलीज़ नहीं हुई थी, बल्कि उसने बॉक्स ऑफिस और दर्शकों की सोच, दोनों पर कब्ज़ा कर लिया था।**

मिलन लूथरिया की यह फ़िल्म एक तूफ़ान की तरह आई और इसने उन सभी अनकहे नियमों को तोड़ डाला, जो सालों से महिला-केंद्रित फ़िल्मों पर लागू होते थे। इस फ़िल्म ने मेनस्ट्रीम फिल्मों में महिलाओं की जगह को न सिर्फ परिभाषित किया, बल्कि विद्या बालन को भारतीय सिनेमा की सबसे निडर और परिवर्तनकारी कलाकारों में शामिल भी कर दिया। 'सिल्क' के किरदार में विद्या ने जिस तरह स्त्री मन की इच्छाओं, कोमलताओं, महत्वाकांक्षाओं और बेफिक्री को आत्मविश्वास से अपनाया, वो आज भी काबिले गौर है। उस वर्ष की राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ फिल्मफेयर और ढेर सारे पुरस्कारों को जीतनेवाली इस फिल्म ने उस दौर में एक मापदंड बनाया, जिससे यह साबित हो गया कि कंटेंट-ड्रिवन, महिला-केंद्रित कहानियाँ भी बॉक्स ऑफिस पर राज कर सकती हैं। यही वजह है कि डायलॉग, संगीत और फ़िल्म की बिंदास कहानी ने 'द डर्टी पिक्चर' न सिर्फ एक पॉप-कल्चर फेनोमेना बनाया, बल्कि एक ऐसा 'मील का पत्थर' बनाया जिसके डायलॉग्स 14 साल बाद भी, सोशल मीडिया, रील्स, मीम्स और आम बातचीत में बार-बार दोहराई जाती हैं। तो आइए फिल्म की 14वीं सालगिरह के मौके पर आइए एक बार फिर दोहराते हैं, 'द डर्टी पिक्चर' के टॉप 5 आइकॉनिक डायलॉग्स, जिसने इस फिल्म को एक कल्ट क्लासिक बना दिया।

'कुछ लोगों का नाम उनके काम से होता है। मेरा बदनाम होकर हुआ है। यह डायलॉग सिल्क के सच्चे, बिंदास और विद्रोही तेवर को पहली ही झलक में सामने लेकर आता है। यही वजह है कि ट्रेलर के साथ वायरल हो चुकी इस लाइन ने सिल्क की पहचान को बिना फिल्टर, बिना डर के परिभाषित किया था। 'फ़िल्में सिर्फ़ तीन चीज़ों की वजह से चलती हैं... एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट... और मैं एंटरटेनमेंट हूँ। '

## दीपिका की जगह कल्कि-2 में नजर आ सकती है प्रियंका





**'कल्कि** 2898 एडी' के सीक्वल को लेकर सुर्खियां लगातार बनी हुई हैं. पहली फिल्म ने 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर तहलका मचा दिया था. अब फैंस की निगाहें इसके दूसरे पार्ट पर अटकी हैं. जिसमें दीपिका पादुकोण की जगह अब ये एक्ट्रेस नजर आएंगी. प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल को लेकर लगातार माहौल गरम बना हुआ है.

2024 में रिलीज हुई पहली फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर नोटों की बारिश कर दी थी. अब फैंस की निगाहें इसके दूसरे पार्ट पर है, इस बीच दीपिका पादुकोण के फिल्म छोड़ने की खबर ने फैंस को उदास कर दिया था, जिससे मेकर्स को भी बड़ा झटका लगा. जिसके बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि अब आखिर दीपिका की जगह कौन लेगा? तो फैंस के लिए गुड न्यूज है, क्योंकि अब इस लिस्ट में एक बड़ा नाम जुड़ने जा रहा है और वो ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा हैं. मीडिया के मुताबिक, मेकर्स का मानना है कि फिल्म की इंटरनेशनल अपील को देखते हुए प्रियंका चोपड़ा सबसे बेहतर विकल्प साबित हो सकती हैं. उनके ग्लोबल फैनबेस और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स की वजह से मूवी को वर्ल्ड लेवल पर प्रोफिट हो सकता है. सबसे खास बात तो ये है कि देसी गर्ल पहले ही राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में महेश बाबू के साथ नजर आने वाली हैं, जिसमें वह 'मंदाकिनी' के रोल में दिखेंगी. जिसकी लॉन्चिंग पर प्रियंका खूब सुर्खियों में थीं.

हालांकि, दीपिका के इस किरदार के लिए साई पल्लवी, अनुष्का शेट्टी और आलिया भट्ट के नाम भी सामने आ चुके हैं. अनुष्का के साथ प्रभास पहले ही बड़ी स्क्रीन पर फिल्म 'बाहुबलि' से धमाल मचा चुके हैं, तो वहीं आलिया से मेकर्स की बातचीत की खबर भी सामने आई, क्योंकि आलिया 'आरआरआर' में नजर आ चुकीं हैं, जो फिल्म के लिए काफी मजबूत दावेदार मानी जा रहीं हैं. डायरेक्टर नाग अश्विन ऐसी एक्ट्रेस चाहते हैं जो प्रभास की स्टार पावर के बराबर दिखाई दे और फ्रेंचाइजी को नई ऊंचाई दे सके. दूसरी ओर प्रियंका की 'वाराणसी' में फीस भी चर्चा में है.



## एआई जेनरेटेड अश्लील फोटोज पर रश्मिका ने जताई नाराजगी

**रश्मिका** मंदाना ने एआई के बढ़ते दुरुपयोग पर नाराजगी जताई है। उन्होंने महिलाओं की अश्लील तस्वीरें बनाने और उन्हें फैलाने वालों को कड़ी सजा देने की मांग की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के बढ़ते प्रयोग से बॉलीवुड भी काफी चिंतित है। वजह है एआई का गलत इस्तेमाल करके सेलेब्स के फेक और अश्लील फोटोज व वीडियोज बनाए जा रहे हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल होते हैं। इसको लेकर अब अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने नाराजगी जताई है। रश्मिका ने अपने एक्स अकाउंट पर एआई-जनरेटेड कंटेंट के संचालन में जवाबदेही और जिम्मेदारी की अपील की है। अपनी पोस्ट में रश्मिका ने जागरूकता और नैतिक उपयोग की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने इसे एक नैतिक पतन बताया, जिसका सामना करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेट एक ऐसी जगह बन गया है जहां मनगढ़ंत सीन को आसानी से असली बताकर पेश किया जा सकता है।

## गुवाहाटी में होगा तीसरा फिल्म फेस्टिवल



● 15 देशों से हुई फिल्मों की एंट्रीज, क्षेत्रीय सिनेमा को मिलेगी पहचान

असम के गोवाहाटी में तीसरा नॉर्थईस्ट इंटरनेशनल डॉक्यूमेंट्री एंड फिल्म फेस्टिवल होने जा रहा है। इस फेस्टिवल में 15 देशों से फिल्मों की प्रविष्टियां शामिल हुई हैं। पूर्वोत्तर भारत के सिनेमा को वैश्विक मंच देने वाला नॉर्थईस्ट इंटरनेशनल डॉक्यूमेंट्री एंड फिल्म फेस्टिवल इस साल अपने तीसरे संस्करण के साथ लौट रहा है। 13 दिसंबर को गुवाहाटी स्थित ज्योति चितरबन फिल्म स्टूडियो में होने वाला यह महोत्सव न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को एक मंच पर लाएगा, बल्कि पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को भी दुनिया के सामने पेश करेगा।

**सांस्कृतिक धड़कन को समर्पित ये आयोजन:** यह फेस्टिवल पहले दुर्गापुर में शुरू हुआ था और लंबे समय तक रेडकार्डिनल मोशन पिक्चर्स की ओर से आयोजित होता रहा। इस बार यह आयोजन एक नए विस्तार के साथ सामने आ रहा है, क्योंकि फेस्टिवल पहली बार अखाड़ा घर सिने सोसाइटी के सहयोग से मनाया जा रहा है। यह सहयोग दिवंगत संगीतकार, अभिनेता और सांस्कृतिक प्रतीक जुबिन गर्ग को समर्पित है, जिनकी कला और विरासत ने असम और पूरे पूर्वोत्तर में संगीत की नई दिशा दिखाई।

### 15 देशों से आई प्रविष्टियां

फेस्टिवल को इस बार दुनिया के 15 देशों से फिल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, स्पेन, जापान, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख फिल्म उद्योग वाले देश शामिल हैं। कुल 162 फिल्मों में से एक अंतरराष्ट्रीय जूरी ने 40 फिल्मों को अंतिम चरण के लिए चुना है। यह चयन इस बात का प्रमाण है कि फेस्टिवल अब सिर्फ क्षेत्रीय आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त मंच बन चुका है।

## रानी चटर्जी की 'हम हई जेठानी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर




**भोजपुरी** सिनेमा के दर्शकों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म 'हम हई जेठानी' का जल्द ही वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है। मंगलवार को अभिनेत्री रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम के जरिए इस बात की जानकारी दी।


अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म की झलक शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'फिल्म 'हम हई जेठानी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 6 दिसंबर शाम 5:30 बजे से शुरू होकर 7 दिसंबर सुबह 9:30 बजे तक रहेगा।' अनिल नैनन द्वारा निर्देशित फिल्म 'हम हई जेठानी' का निर्माण संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी ने किया है। फिल्म में रानी के अलावा, खुशी झा, सोनाली मिश्रा, अयाज खान, प्रेम दुबे, रितेश उपाध्याय, गोलू तिवारी, रागिनी यादव, लोटा तिवारी, और प्रकाश जैस हैं। बाल कलाकार के रूप में हर्ष राज और आदर्श गोयल भी फिल्म का हिस्सा हैं। मेकर्स ने पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 4 मिनट 6 सेकंड के ट्रेलर में पारिवारिक होने के साथ-साथ घर में संपत्ति के लिए हो रही साजिश के इर्द-गिर्द कहानी घूमती है।

ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया गया है कि रानी मां बनने की चाह रखती है, लेकिन कुछ कारणों से मां नहीं बन सकती है। इसके बाद परिवार की झलक दिखाई जाती है, जिसमें उनके दो देवर और देवरानी मिलकर रानी और उनके पति की सेवा करते हैं। वहीं, रानी भी अपनी देवरानी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालती है।

कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब पता चलता है कि अभिनेत्री मां बनने वाली हैं। इसके बाद उनके घर के हर सदस्य का असली रूप देखने को मिलता है। वे रानी को परेशान करने के लिए कई सारे तरीके आजमाते हैं। फिल्म के गाने और डायलॉग काफी दमदार हैं। इसके अलावा, अभिनेत्री जल्द ही फिल्म 'यूपी वाली-बिहार वाली' में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

## राधिका आप्टे की सस्पेंस थ्रिलर साली मोहब्बत सीधे ओटीटी पर






ओटीटी पर अच्छी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करने वाले फैन्स के लिए एक अच्छी खबर है। राधिका आप्टे की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म साली मोहब्बत का अब वो घर बैठे ही लुत्फ उठा सकते हैं। एक ऐसी कहानी जिसमें कहानी के साथ सस्पेंस और भी गहरा हो जाता है और दर्शक आखिरी तक कहानी से बंधे रहते हैं। जानें, किस दिन और कहां हो रही रिलीज। राधिका आप्टे सस्पेंस थ्रिलर साली मोहब्बत ओटीटी पर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक अच्छी खबर है। राधिका आप्टे की सस्पेंस थ्रिलर साली मोहब्बत अब सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में प्रीमियर हो चुकी है और अब आम दर्शक भी इसे अपने घर पर आराम से देख पाएंगे। फिल्म को टिस्का चोपड़ा ने डायरेक्ट किया है, वहीं जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा के स्टेज5 प्रोडक्शन ने मिलकर इसका निर्माण किया है।

फिल्म की कहानी छोटे से शहर में रहने वाली स्मिता (राधिका आप्टे) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह शांत जीवन जीती है, लेकिन उसकी जिंदगी जैसी दिखती है, वैसी नहीं है। अचानक शहर में एक दोहरे हत्याकांड के बाद उसकी दुनिया हिल जाती है। धीरे-धीरे वह झूठ, बेवफाई, विश्वासघात और हत्या के जाल में उलझती जाती है। जांच के दौरान पता चलता है कि इस केस में कोई भी इंसान वैसा नहीं, जैसे दिखता है।

कहानी स्मिता में उलझ जाती है तनाव, छिपे हुए रिश्ते, और पुराने मकसद सामने आते हैं। स्मिता को न केवल शहर में फैलते अराजकता का सामना करना पड़ता है, बल्कि अपनी मानसिक परेशानी से भी जूझना पड़ता है। अंत तक दर्शकों को यह जानने की उत्सुकता बनी रहती है कि क्या स्मिता केवल एक दर्शक है, या सच में वह कुछ बड़ा छूपा रही है।

### 12 दिसंबर को हो रही रिलीज

साली मोहब्बत फिल्म उन दर्शकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो सस्पेंस, थ्रिलर और रहस्यपूर्ण कहानियों को पसंद करते हैं। यह 12 दिसंबर से जी5 पर स्ट्रीम होगी।

## स्पिन की कमी के कारण लय पकड़ने में मदद मिली: जैक क्रॉली

एजेंसी



**ब्रिसबेन :** ऑस्ट्रेलिया द्वारा ब्रिसबेन टेस्ट से अनुभवी स्पिनर नाथन लायन को बाहर करने के फैसले ने इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉली की बल्लेबाजी को आसान बना दिया। क्रॉली ने स्वीकार किया कि पूरी तरह तेज गेंदबाजी आक्रमण का सामना करते हुए उन्हें अपनी लय पाने में मदद मिली। गाबा में खेले जा रहे पिंक-बॉल टेस्ट के पहले दिन कई मौकों पर ऑस्ट्रेलिया को लायन की कमी खली। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड 9 विकेट पर 325 रन बनाकर मजबूत स्थिति में रहा। बिना स्पिन खेले ऑस्ट्रेलिया अपनी ओवर-रेट में आठ ओवर पीछे रह गई, जिससे डब्ल्यूटीसी अंक कट सकते हैं। गेंद की हालत बिगड़ने के बाद जोफ्रा आर्चर और जो रूट ने अंतिम विकेट के लिए 61 रनों की अहम साझेदारी कर ऑस्ट्रेलियाई पेसरों को छका दिया। यह जोड़ी मूल्यवान दिन की रोशनी में शुक्रवार को आगे बल्लेबाजी करने उतरेगी। इससे पहले क्रॉली ने 76 रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि रूट (135*, नाबाद) ने 30 पारियों बाद ऑस्ट्रेलियाई धरती पर शतक जड़ा। क्रॉली ने कहा कि पर्थ में खराब बल्लेबाजी के कारण दबाव में चल रही इंग्लैंड टीम को ऑस्ट्रेलियाई टीम में लायन का नाम न देखकर हैरानी हुई। स्टार्क को छोड़कर सभी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज दाएं हाथ के मध्यम गति के पेसर थे। नीसर, कैमरन ग्रीन, स्कॉट बोलैंड और ब्रेंडन डॉगेट ने मिलकर 249 रन देकर सिर्फ दो विकेट लिए, जबकि स्टार्क ने 6/71 लेकर अधिकांश नुकसान किया। क्रॉली ने माना कि गेंदबाजी में विविधता न होने से बल्लेबाजी आसान हुई।

दिन के खेल के बाद क्रॉली ने पत्रकारों से बातचित में कहा, ह्चारों सीमरों के खिलाफ एक लय हासिल हो जाती है। जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, बल्लेबाजी आसान होती गई। वहीं मिचेल स्टार्क ने हालांकि हमले में विविधता की कमी को लेकर चिंता जताने से इनकार किया। उन्होंने कहा, ह्गति सबकुछ नहीं है। यही संयोजन हमने इस हफ्ते चुना है।ह्व उन्होंने कहा कि लायन के बिना भी उन पर किसी अतिरिक्त दबाव की भावना नहीं थी।

लायन को टॉस से सिर्फ एक घंटे पहले टीम से बाहर किए जाने की खबर मिली।

उन्होंने कहा, ह्यह उनके लिए मुश्किल फैसला है। हर खिलाड़ी हर मैच खेलना चाहता है, सेलेक्टर्स ने हालात देखकर यह संयोजन चुना है। यह किसी भी तरह लायन की क्षमता पर सवाल नहीं उठता है।ह्व

## प्रीमियर लीग: मागासा के देर से किए गोल ने बचाई वेस्ट हैम की लाज, मैनचेस्टर यूनाइटेड से 1-1 से ड्रा खेला



**मैनचेस्टर :** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने गुरुवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में वेस्ट हैम यूनाइटेड से 1-1 से ड्रा खेला। उसे प्रीमियर लीग में पाँचवें स्थान पर पहुँचने का मौका गंवाना पड़ा। इस नतीजे के साथ ही वेस्ट हैम अभी भी रिलीगेशन जोन में बना हुआ है। पहले हाफ में दोनों टीमों का खेल बेहद फीका रहा और कोई भी गोल नहीं हो सका। 58वें मिनट में दीओगो डालोट ने गोल दागकर मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिलाई। लेकिन मैच खत्म होने से सात मिनट पहले वेस्ट हैम के सऊंगौतू मागासा ने शानदार बराबरी गोल कर दिया, जिसके बाद अंतिम सीटी पर यूनाइटेड प्रशंसकों की ओर से हूटिंग सुनाई दी। अंक तालिका में मैनचेस्टर यूनाइटेड 22 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है, जबकि वेस्ट हैम 12 अंकों के साथ 18वें स्थान पर बना हुआ है और 17वें स्थान पर मौजूद लीड्स यूनाइटेड से दो अंक पीछे है। मैच की शुरूआत के पहले आधे घंटे में वेस्ट हैम ने गेंद पर अच्छा नियंत्रण रखा लेकिन कोई वास्तविक खतरा नहीं बना सके। इसके बाद यूनाइटेड ने लय पकड़ी। ब्रायन मब्यूमो के दूर से लगाए गए लूपिंग शॉट को गोलकीपर अल्फोंस अरियोला ने शानदार तरीके से बार के ऊपर पहुंचाया। आमद डायलो ने बॉक्स में गेंद भेजी, जिस पर जोशुआ ज़िर्कज़ी ने थाई से शॉट लगाया, लेकिन आरोन वान-बिसाका ने गोललाइन पर शानदार बचाव किया। कुछ ही देर बाद ब्रूनो फर्नांडिस का शॉट पोस्ट के बाहर से निकल गया। अपने पूर्व क्लब के खिलाफ खेल रहे वान-बिसाका ने वेस्ट हैम की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कई अहम टैकल किए और टीम को पहले हाफ में गोल खाने से बचाया।दूसरे हाफ में मागासा ने एक बार साइड नेटिंग में शॉट लगाया, लेकिन आखिरकार 58वें मिनट में यूनाइटेड को बढ़त मिल गई। कासेमीरो के शॉट का डिफ्लेक्शन डालोट को मिला और उन्होंने घूमते हुए गेंद को अरियोला के पार भेज दिया।

# अमित शाह का तीन दिवसीय गुजरात दौरा आज, अहमदाबाद गांधीनगर को 1506 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह 5 से 7 दिसंबर तक तीन दिनों के गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान वे अहमदाबाद और गांधीनगर में 1506 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और खात-मुहूर्त तथा 20 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अमित शाह वस्त्रापुर तालाब के 10 करोड़ रुपये के नवीनीकरण का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा शहर में आठ स्थानों पर तैयार किए गए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। गोटा देवनगर में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का खात-मुहूर्त होगा और अमित शाह सार्वजनिक सभा को भी संबोधित करेंगे।



**प्रधानमंत्री आवास योजना के 1,370 मकानों का लोकार्पण**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत थलतेज में 861 और वासना क्षेत्र में 509 आवासों का लोकार्पण किया जाएगा। नारनपुरा के नट ना छापरा क्षेत्र में झुग्गी पुनर्विकास के तहत बने मकानों का लोकार्पण और ड्रॉ भी किया जाएगा। बापल क्षेत्र के इलेक्ट्रोथर्म गार्डन और रानीप के स्पोर्ट्स एक्टिविटी सेंटर का भी उद्घाटन किया जाएगा।

**5 दिसम्बर को स्वदेशोत्सव सहित कई कार्यक्रम**

5 दिसंबर को अमित शाह अहमदाबाद के जीएमडीसी ग्राउंड पर स्वदेशी जागरण मंच के ह्यस्वदेशोत्सवह्न में शामिल होंगे। गांधीनगर महात्मा मंदिर में नाबार्ड की ह्यअर्थ समिट 2025ह्न के समापन समारोह में भाग लेंगे। बाद में गांधीनगर में नए गार्डन, योग स्टूडियो और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे। शाम को सिंधु भवन रोड से अहमदाबाद शॉपिंग फेस्टिवलह्न2025 की शुरूआत करेंगे। गांधीनगर के मोती आदराज क्षेत्र में पीएनजी गैस लाइन, नया स्वास्थ्य भवन और नई प्राथमिक व कन्या शाला का लोकार्पण भी किया जाएगा।

**6 दिसम्बर महिला दुग्ध उत्पादकों से संवाद के साथ कई कार्यक्रम**

6 दिसंबर को अमित शाह बनासकांठा जिले के वाव और थराद जाएंगे। यहां बनास डेयरी के बायो-सीएनजी और पाउडर प्लांट का खात-मुहूर्त करेंगे। आलू प्लांट, सॉयल टेस्टिंग लैब, एडमिन ब्लॉक, रेडियो स्टेशन और गर्भ ट्रांसप्लांट लैब का निरीक्षण करेंगे। शाम को लाखणी में महिला दुग्ध उत्पादकों से संवाद करेंगे और पालनपुर में हनी, ऑयल और आटा प्लांट का निरीक्षण करेंगे। 7 दिसंबर को वे अहमदाबाद के गोटा देवनगर में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वैष्णोदेवी सर्कल के निकट शक्ति कन्वेंशन सेंटर में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पुस्तक ह्यऐ चुनौतियां मुझे पसंद हैंह्न के गुजराती संस्करण का विमोचन करेंगे। शाम 6:30 बजे साबरमती रिवरफ्रंट पर बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के ह्यप्रमुख वरणी अमृत महोत्सवह्न में शामिल होंगे।

# छत्तीसगढ़ में अगले दो दिन और बढ़ेगी ठंड, एक से तीन डिग्री तक गिर सकता है तापमान

**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव होने के आसार हैं। रायपुर में तापमान 13 डिग्री पर पहुंचा है। सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर में रात का तापमान गिरकर 6.9त्ङ हो गया है। जशपुर और पेंड्रा इलाकों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव जला रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार छत्तीसगढ़ में 48 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हो सकती है। इसके बाद तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। वहीं अगले 7 दिनों तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान रायपुर में भी धुंध छाई रहेगी। राज्य में पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकार्ड हुआ। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री, सामान्य से 0.6 डिग्री कम, और न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री, सामान्य से 1.6 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। रायगढ़ जिले में भी ठंड में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है। दो दिनों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 5 दिसंबर तक जिला मुख्यालय में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री और अधिकतम 26.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुबह की नमी 62-79 प्रतिशत तक रही, जबकि शाम तक यह घटकर 38-59 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई।मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनों में ठंड और बढ़ सकती है तथा न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।



## उत्तरी सेना कमांडर ने पुंछ का किया दौरा, ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू :** उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने ऑपरेशनल तैयारी की समीक्षा करने और इलाके में मौजूदा सुरक्षा हालात का अंदाजा लगाने के लिए जम्मू और कश्मीर के पुंछ का दौरा किया। सेना कमांडर ने मुश्किल हालात में काम कर रहे सैनिकों के पक्के समर्पण और अच्छी तैयारी की तारीफ की। उत्तरी कमांड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, सेना कमांडर उत्तरी कमांड ने गुरुवार को सेक्टर में तैनात यूनिट्स की ऑपरेशनल तैयारी का आकलन करने के लिए हरिबुधा पुंछ का दौरा किया।

उन्हें मौजूदा सुरक्षा स्थिति और चल रहे काउंटर टेररिज्म प्रयासों के बारे में पूरी जानकारी दी गई जिसमें बेहतर सर्विलांस, रैपिड रिस्पॉन्स मैकेनिज्म और टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव टैक्टिक्स को इंटीग्रेट करने वाली मजबूत ड्रिल्स पर खास फोकस था।

सेना कमांडर ने मुश्किल इलाके में सैनिकों की पक्की लगन, अच्छी तैयारी और प्रोफेशनल एक्सीलेंस के लिए उनकी तारीफ की और इलाके के सिक्योरिटी ग्रिड को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका को नोट किया। इसमें कहा गया कि इस बातचीत से सैनिकों का मनोबल बढ़ा और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए भारतीय सेना की स्पष्ट प्रतिबद्धता को बल मिला।

## बाराती बस में लगी आग, चालक व परिचालक ने कूदकर बचाई जान

**उरई :** जालौन जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव उमरी में गुरुवार की देर रात एक बाराती बस में अचानक लगी आग से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना तब हुई जब बस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। गनीमत रही कि उस समय बस में केवल चालक और परिचालक मौजूद थे, जिन्होंने तुरंत वाहन से बाहर कूदकर अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार, बस कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सामी निवासी शिव कुमार तिवारी के पुत्र की बारात लेकर सामी से खेराई उमरी गई थी। रात में जब सभी बाराती विवाह कार्यक्रम में शामिल थे, तब बस एकांत स्थान पर खड़ी थी। बस में चालक और परिचालक वाहन में ही आराम कर रहे थे।अचानक बस के अंदर शॉर्ट सर्किट हुआ और आग तेजी से फैलने लगी। आग की लपटें उठती देख चालक और परिचालक ने तुरंत बस से कूदकर अपनी जान बचाई और शोर मचाते हुए आसपास के लोगों को सूचना दी। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही पल में बस पूरी तरह जलने लगी। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि आसपास के लोगों और चालक से जानकारी ली। फिलहाल हादसे में किसी तरह की जनहानि न होने से राहत है, लेकिन बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

## इंडिगो संकट फिलहाल जारी रहेगा, साढ़े 500 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से यात्रियों के सामने भारी परेशानी




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पिछले तीन दिनों से जारी इंडिगो एयरलाइन के परिचालन का संकट फिलहाल जारी रहने के आसार हैं। इससे हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एयरलाइन ने माना है कि वे क्रू की समस्या का अंदाजा नहीं लगा सके और योजना बनाने के स्तर पर उनसे गलती हुई। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते तीन दिनों से क्रू की कमी के कारण समस्याओं का सामना कर रही है। इससे इंडिगो के ऑपरेशन बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं और हजारों की संख्या में यत्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक दिन पहले गुरुवार को दिल्ली-मुंबई समेत 10 से ज्यादा एयरपोर्ट पर 550 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई। दिल्ली और मुंबई के अलावा बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, गोवा, जयपुर और इंदौर एयरपोर्ट से इंडिगो की उड़ानें रद्द हुईं। इससे प्रभावित यात्रियों ने कई जगहों पर हंगामा किया।

## सिरकोट के पास खाई में गिरी कार, एक घायल

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा जनपद के सिरकोट के पास रात्रि में एक कार असंतुलित होकर लगभग ढाई सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 7:35 बजे जिला नियंत्रण कक्ष अल्मोड़ा से एसडीआरएफ को सूचना मिली कि कपड़खान से पहले सिरकोट के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना पर एसडीआरएफ टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। वहां पहुंच कर टीम को पता लगा कि वाहन रात्रि में ही दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरी है। वाहन लॉक होने के कारण वाहन चालक अंदर ही फंसा हुआ था। कटर की सहायता से वाहन को काटकर चालक को घायल अवस्था में सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल सागर वर्मा पुत्र कुमार वर्मा को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए बेस अस्पताल अल्मोड़ा भेजा गया।

# चंपावत में सड़क हादसा, 5 बारातियों की मौत, 5 घायल

**एजेंसी**

**चंपावत :** पाटी ब्लॉक क्षेत्र से बारात लौटते समय एक बोलेरो कार के गहरी खाई में गिरने से हादसा हो गया। वाहन घाट के पास बागधार में अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर नीचे जा लुढ़का, जिसमें 5 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक ही परिवार के दो सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर बड़ी मशक्कत के बाद शवों और घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी घायलों को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट पहुँचाया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए लाया जा रहा है। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है। मृतकों में प्रकाश चंद्र उनियाल (40 वर्ष) निवासी दिबडिब्बा विलासपुर, केवल चंद्र उनियाल (35 वर्ष) निवासी निवासी दिबडिब्बा विलासपुर, सुरेश नौटियाल (32 वर्ष) निवासी पंतनगर, प्रियांशु चौबे (6 वर्ष) पुत्र सुरेश चौबे, निवासी सियालदेह, भिक्यासेन, अल्मोड़ा व भावना चौबे (28 वर्ष) पत्नी सुरेश चौबे, निवासी सियालदेह, बिखयासेन, अल्मोड़ा शामिल हैं। दुर्घटना में देवीदत्त पांडेय (38) पुत्र रामदत्त पांडेय, सेराघाट (अल्मोड़ा) चालक, धीरज उनियाल (12) पुत्र प्रकाश चंद्र उनियाल, रुद्रपुर, राजेश जोशी (14) पुत्र उमेश जोशी, बनकोट गंगोलीहाट, चेतन चौबे (5) पुत्र सुरेश चौबे, दिल्ली व भास्कर पंडा, पुत्र रमेश पंडा, सेराघाट गंगोलीहाट घायल हो गये। जिला आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार, 4 दिसंबर को शेराघाट (गंगोलीहाट) से बारात पाटी ब्लॉक के बालातड़ी आई थी। विवाह समारोह के बाद बारात देर रात वापस लौट रही थी, उसी दौरान हादसा हो गया। बोलेरो (यूके 04 टीवी 2074) बागधार क्षेत्र में खाई में जा गिरी।



# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़े आने के पहले पिछले सत्र के दौरान निवेशक संभल कर कारोबार करते हुए नजर आए। जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मामूली तेजी के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,857.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,484.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 47,889.50 के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,710.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,122.03 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,882.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। थाईलैंड के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। कोस्पी इंडेक्स 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,068.27 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,655.27 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,878.99 अंक के स्तर पर पहुंचे हुए हैं। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 26,173 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,518.37 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 678.42 अंक यानी 1.33 प्रतिशत टूट कर 50,350 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.20 प्रतिशत लुढ़क कर 25,884 अंक के स्तर पर और ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 27,787.73 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।




## न्यूज IN ब्रीफ

### मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार, गोली लगी

**फिरोजाबाद :** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार देर रात अंतर्जनपदीय चोर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत 18 नवम्बर की रात्रि दो घरों में चोरी हुई थी। जिनके सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान अभियुक्तगण इंदल पुत्र दिवान सिंह, अजयपाल उर्फ अज्जू व विक्की का नाम प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने अभियुक्त विक्की को गिरफ्तार 4 दिसंबर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया। जिसके कब्जे से चोरी का सामान आभूषण, आधार कार्ड, 1150 रुपए बरामद हुए। वही बृहस्पतिवार देर रात थाना प्रभारी रामगढ़ संजीव कुमार दुबे पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि औद्योगिक क्षेत्र थाना रामगढ़ के जंगलों में दो अन्य चोर माल बटवारा के लिए इकट्ठा हुए हैं। सूचना पर उन्होंने दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस टीम को 02 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए जिनकी घेराबन्दी की तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में एक संदिग्ध व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया तथा दूसरा संदिग्ध व्यक्ति अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान इंदल पुत्र दीवान सिंह निवासी रायभा थाना अछनेरा जनपद आगरा के रूप में हुई है। जिसके कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, आभूषण, आधार कार्ड, मोबाइल फोन व चोरी के 1500 रुपए बरामद हुए है। एएसपी ने बताया कि फरार अभियुक्त अजयपाल उर्फ अज्जू की तलाश की जा रही है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### शिवपुर तरना ओवरब्रिज पर सड़क हादसा: पूर्व प्रधान के बेटे की मौत

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के शिवपुर क्षेत्र स्थित तरना ओवरब्रिज के अंतिम छोर पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार एंबुलेंस ने मार्निंग वॉक कर रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना से गुस्साए लोगों ने भेल के पास सड़क जाम कर दिया, जिससे बाबतपुर एयरपोर्ट मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह लोगों को समझाकर जाम खत्म कराया। बड़ागांव क्षेत्र के भेलखा गांव निवासी पूर्व प्रधान नंदलाल यादव के पुत्र अनीश यादव उर्फ मोनू (30) रोज की तरह शुक्रवार सुबह अपने साथी के साथ लगभग पांच बजे मार्निंग वॉक के लिए तरना ओवरब्रिज पर पहुंचे थे। दोनों ओवरब्रिज के शुरूआती छोर तक टहलने के बाद वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ढलान के निकट पीछे से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस ने मोनू को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह हवा में उछलकर डिवाइडर पर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथ चल रहे आकाश के मुताबिक, घटना इतनी अचानक हुई कि वह कुछ समझ ही नहीं पाया। कुछ देर बाद संभलकर उसने परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी पाकर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो मोनू का शव देखकर चीख—पुकार मच गई।

**—फुटपाथ पर कब्जे को बताया हादसे का कारण :** ग्रामीणों का आरोप है कि ओवरब्रिज के पास फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा ठेला लगाने और चादर बिछाकर सामान बेचने से पैदल चलने वालों को सड़क पर चलने की मजबूरी होती है। इसी कारण मोनू हादसे का शिकार हुआ। लोगों ने पुलिस पर देर से पहुंचने का भी आरोप लगाया। शिवपुर थाना प्रभारी वीरेंद्र सोनकर ने बताया कि दुर्घटना में मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**परिवार में कोहराम, पत्नी बेहोश :** परिजनों ने बताया कि मोनू की शादी दो साल पहले निशा यादव से हुई थी और उसकी आठ महीने की एक बेटी है। हादसे की जानकारी मिलते ही निशा बेहोश हो गई। मोनू की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।

### घर के बाहर कुंडी से लटका मिला अधेड़ का शव

**उरई :** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में कोटरा थाना क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह एक 55 वर्षीय अधेड़ का शव घर के बाहर कुंडी से लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी। मृतक सुरेद्र पाल स्वर्गीय रामोले अहिरवार के पुत्र थे। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे सुरेंदर पाल शराब के नशे में घर लौटे थे। सुबह जब परिजनों ने उनकी तलाश की तो उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी शांति देवी ने बताया कि, पति सुरेंद्र घर से निमार्णाधीन नई लॉज पर जाने की बात कहकर निकले थे। शुक्रवार को सुबह जब परिवार के सदस्य जागे, तो मुख्य दरवाजे पर बाहर से कुंडी लगी हुई थी। दरवाजा अंदर से न खुलने पर परिजन पीछे के रास्ते से घर से बाहर आए। बाहर निकलने पर उन्होंने देखा कि सुरेंद्र पाल अहिरवार घर के बाहर ही कुंडी से लटके हुए थे। घटना देखकर परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसी भी मौके पर जमा हो गए। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। कोटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस मामले में सीओ अर्चना सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की जाएगी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग, 10 दमकल गाड़ियां मौजूद

**कोलकाता :** कोलकाता के आनन्दपुर के गुलशन कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक प्लास्टिक गोदाम में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह लगभग 10 बजे एक फ्लैट के नीचे बने रंग और प्लास्टिक के गोदाम से धुआं उठता देखा गया। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और कुछ ही मिनटों में पूरा गोदाम घने काले धुएं से भर गया। गोदाम में ज्वलनशील सामग्री होने की वजह से आग तेजी से फैल गई जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल को दी। शुरूआत में दमकल की दो इंजिन पहुंचीं लेकिन हालात की गंभीरता को देखते हुए इंजिनों की संख्या बढ़ाकर 10 कर दी गई है। दमकलकर्मी लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन आग पर अभी पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। घटना को लेकर आसपास के लोग दहशत में हैं हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। आग किस वजह से लगी इसका कारण अब तक स्पष्ट नहीं है। दमकल की टीम आग को नियंत्रित करने में जुटी हुई है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### बादल छाए रहने के कारण कश्मीर घाटी में रात का तापमान बढ़कर सामान्य से ऊपर

**श्रीनगर :** कश्मीर में ठंड के हालात में सुधार देखा गया है क्योंकि आसमान में बादल छाए रहने की वजह से रात का तापमान बढ़कर सामान्य से ऊपर चला गया है, अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार रात ज्यादातर जगहों पर पारा जमावट बिंदू से ऊपर चला गया जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड से काफी राहत मिली। उन्होंने बताया कि इस मौसम में कम से कम तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री ज्यादा था। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू और कश्मीर की गर्मियों की राजधानी श्रीनगर में गुरुवार रात का तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो पिछली रात के माइनस 4 डिग्री सेल्सियस से चार डिग्री ज्यादा है। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के गेटवे शहर काजीगुंड में तापमान माइनस 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में पारा 0.2 डिग्री सेल्सियस और दक्षिणी कश्मीर के कोकरनाग में 0.8 डिग्री सेल्सियस रहा। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम टूरिस्ट रिसॉर्ट में तापमान माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग स्कीइंग रिसॉर्ट में तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पुलवामा जिले का कोनीबल शहर केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ठंडा दर्ज किया गया जहाँ तापमान माइनस 3.0 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने कहा कि शुक्रवार देर रात ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की बर्फबारी की संभावना है। उन्होंने कहा कि 6-7 दिसंबर को मौसम आमतौर पर सूखा रहेगा लेकिन 8 दिसंबर को ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की बर्फबारी की एक और संभावना है।

न्यूज IN ब्रीफ

## छात्रवृत्ति का भुगतान को लेकर छात्रों ने किया बिरसा चौके पास किया प्रदर्शन



**रांची :** बिरसा चौक के पास ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले छात्रों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपनी मांगों को लेकर विधानसभा मार्च में शामिल हुए. जानकारी के अनुसार, छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है और मैट्रिक व इंटर परीक्षा के शुल्क में हाल ही में की गई बढ़ोतरी अस्वीकार्य हैं। साथ ही छात्रों ने मैट्रिक व इंटर परीक्षा में पेन की अनिवार्यता को हटाने की भी मांग रखी।

## रांची जिला जूनियर वॉलीबॉल टीम की हुई घोषणा

**रांची :** रांची जिला वॉलीबॉल संघ के चेयरमैन भोला प्रताप सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य जूनियर वॉलीबॉल चैम्पियनशिप पांच से सात दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। यह चैम्पियनशिप गोड्डा में आयोजित की जा रही है, जिसमें पूरे प्रदेश की टीमें हिस्सा लेंगी। अध्यक्ष विकास वर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों ने रांची जिला जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रांची की टीम इस वर्ष राज्य चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने के लिए पूर्णतः तैयार है। खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है और टीम का उत्साह चरम पर है। रांची जिला जूनियर वॉलीबॉल टीम ने खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। सचिव संजय ठाकुर ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यकारिणी अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और सभी से टीम के समर्थन का आग्रह किया एवं कोषाध्यक्ष श्री विश्वजीत नंदी ने विशेष तौर से खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## डीपीएस 6 विकेट से मैच जीता

**रांची :** आरडीसीए इंटर स्कूल अंडर-16 क्रिकेट मैच का आयोजन एयरपोर्ट ग्राउंड में डीएवी हेहल बनाम डीपीएस स्कूल के बीच खेला गया। डीएवी हेहल ने 29.4 ओवर में 10 विकेट पर 165 रन बनाया। सुशील ने 61 व दिव्यांश ने 28 रन बनाया। आयुष्मान ने दो विकेट लेकर 18 रन दिया। वहीं सात्विक ने दो विकेट लेकर 44 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी डीपीएस की टीम ने 22 ओवर में चार विकेट खोकर 166 रन बनाया। अर्पित ने 42, सात्विक ने 37 और अथर्व ने 25 रन बनाया। अभिषेक ने एक विकेट लेकर सात रन दिया। डीपीएस 6 विकेट से मैच जीता।

## यंग मोनार्क ने 65 रन से जीत दर्ज किया

**रांची :** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट मैच ओटीसी ग्राउंड में यंग मोनार्क बनाम जूनियर मंथन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करनेउतरी यंग मोनार्क की टीम ने 31 ओवर में 10 विकेट खोकर 176 रन बनाया। हर्ष ने सर्वाधिक 58 रन, अभय ने 26 रन बनाया। अभिषेक राज ने चार विकेट लेकर 26 रन, रोनित ने तीन विकेट लेकर 29रन व अभिषेक महली ने दो विकेट लेकर 38 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जूनियर मंथन ने 32 ओवर में 10 विकेट खोकर 111 रन बनाया। आमिर ने 16 रन बनाए। वहीं अमित ने दो विकेट लेकर छह रन, हर्ष ने दो विकेट लेकर नौ रन व सुप्रभात ने दो विकेट लेकर 26 रन दिया। यंग मोनार्क ने 65 रन से जीत दर्ज किया।

## दो सौ रुपए के लिए जानलेवा हमला करने का ट्रायल फेस कर रहे आरोपी को कोर्ट ने किया बरी

**रांची :** दो सौ रुपए के लिए जानलेवा हमला करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी मोहम्मद जहीद को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में हुए बरी कर दिया। अपर न्यायुक्त पवन कुमार की कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में आरोपी को बरी किया है। बता दें कि आरोपी के द्वारा यह कथित जानलेवा हमला 29 सितंबर, 2023 को किया गया था। प्राथमिकी के अनुसार हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के सेकेंड स्ट्रीट, नियर पोस्ट ऑफिस निवासी साजिद अपने घर से 10 बजे दिहाड़ी मजदूरी की तलाश में घर से निकला था। वह भट्ठी चौक पर काम के इंतजार में खड़ा था। तभी आरोपी मोहम्मद जाहिद उर्फ राज साजिद के साथ मारपीट कर पैकेट से दो सौ रुपए छीन कर भाग गया था। साजिद अपना पैसा मांगने के लिए पीछे दौड़कर पहुंचा और अपना पैसा मांगने लगा, जिसपर आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इसी हाथापाई में पास में रखे कुकर के ढक्कन से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची जिससे साजिद की जान बच सकी।

## सरायकेला में जंगल के बीच चल रही अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**सरायकेला :** नववर्ष के मद्देनजर जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गम्हरिया क्षेत्र में बड़ी सफलता हाथ लगी है। उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के आदेश और उत्पाद अधीक्षक सौरभ कुमार तिवारी के निर्देशन में गुरुवार को गंजिया बैराज के पास जंगलों में बने एक अस्थायी ढांचे पर छापेमारी की गई, जहां अवैध विदेशी शराब तैयार की जा रही थी। ज्योति भट्ठा के समीप स्थित इस स्थल पर बनी फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में स्पिरिट, रंगीन तैयार तरल, विभिन्न ब्रांडों की खाली बोतलें, ढक्कन, कॉर्क, नकली लेबल, आसंजक पदार्थ और स्वादझरंग के लिए प्रयुक्त कैरामेल बरामद किए गए। इसके अलावा मैकडॉवेल, रॉयल स्टैग, स्टर्लिंग रिजर्व, रॉयल चैलेंज और आइकॉनिक जैसे ब्रांडों की बनी-बनाई बोतलें भी पेटियों में भरी मिलीं। कार्रवाई के दौरान पुलिस और उत्पाद विभाग ने लगभग 200 लीटर स्पिरिट, 50 लीटर अवैध विदेशी शराब और 2 लीटर कैरामेल जब्त किया।

## जुआ अड्डे से रंगे हाथ पकड़े गए दो जुआड़ी, गए जेल

दुमका : जुआ अड्डे पर पुलिस के अचानक कार्रवाई से जुआडियों में खलबली मच गई। पुलिस को देखते ही जुआ अड्डा पर मजमा लगा कर बैठे जुआड़ी इधर-उधर भागने लगे। वहीं भागने में नाकाम रहने वाले दो जुआड़ी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। जिसे पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही जुआ अड्डे से आनन-फानन में भागे जुआडियों के 10 बाईक को जरमुंडी पुलिस ने जब्त कर लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ के क्रम में पता चला कि मनीष कुमार उर्फ मुंडा जुआ अड्डा का संचालक है।

# रवि रंजन मिश्रा गायन के साथ-साथ चित्रकला में भी है महारत हासिल

बिनय मिश्रा

कला वह सशक्त माध्यम है जो आकृति और प्रकृति के साथ-साथ हमें अन्य क्षेत्रों में भी कुछ करने की प्रेरणा और गति प्रदान करती है बस जरूरत है तो पहल करने की जी हां हम बात कर रहे हैं भारतीय प्रशासिक सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि पर कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी रवि रंजन मिश्रा की श्री मिश्रा कई महत्वपूर्ण विभाग के दायित्व का भी निर्वहन कर चुके हैं तथा जेपीएससी के सचिव भी रह चुके हैं श्री मिश्रा की हमेशा यह पहल रही है कि अपने दायित्व और कर्तव्य का भली-भांति कार्य करने के पश्चात और भी कुछ बेहतर कार्य किये जाए और इस



उपलब्धि में वे निरंतर सत्तत सफल भी रहे हैं उनके गायन जिसमे साईं भजन मुख्य रूप से शामिल है वह लोगों को भाव विभोर कर देती हैं



श्री मिश्रा की यह अद्भुत दक्षता और क्षमता काबिले तारीफ है क्योंकि अति व्यस्तता के बीच के अपने दायित्व निर्वहन के पश्चात भी अगर भक्ति गीत और चित्रकला के लिए समय निकालकर कुछ बेहतर कार्य किया जाए तो यह लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत भी है श्री मिश्रा अपने व्यस्तता के बीच पेंटिंग में भी गहरी रुचि रखते हैं और उनका यह प्रयास काफी बेहतर और सशक्त है उनके द्वारा बनाए गए तेलीय चित्र यह बताने के लिए काफी है कि कल और साधना एक दूसरे के पूरक है बस आवश्यकता है तो पहल करने की श्री मिश्रा की या उत्कृष्ट बनाए गए तस्वीर यह बताने के लिए काफी है कि हम अगर चाहे तो क्या नहीं कर सकते बस लगन और आत्म इच्छा रहनी चाहिए ऐसे वरीय आईएएस अधिकारी निश्चित तौर पर झारखंड के लिए गौरव और प्रेरणा स्रोत भी हैं।

# छात्र अधिकार यात्रा को विधायक जयराम महतो ने किया रवाना

### 45 किलोमीटर पदयात्रा तय कर हजारीबाग जिला किया प्रवेश

संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा खतियान व छात्रों की मांगो को लेकर आज से आंदोलन शुरू कर दिया है।

'छात्र अधिकार यात्रा' को विधायक जयराम कुमार महतो ने डुमरी (बोकारो) से रवाना किया। यह पदयात्रा 09 दिसंबर को रांची पहुंचकर विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन करेंगें।

संगठ केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो द्वारा चिरैया मोड़ में विनोद बिहारी महतो जी के प्रतिमा माल्यार्पण के साथ पदयात्रा को आरंभ किया। एवं पदयात्रा को सुरक्षित सुचारू सफल बनाने हेतु आवश्यक हिदायत भी दिया। एवं



सर्वदलिय बैठक में शामिल होने हेतु राजधानी रांची को रवाना हुए। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा की आज प्रथम दिन हमलोग कुल 45 किलोमीटर के पदयात्रा को तय करते हुए हजारीबाग जिला प्रवेश किया है। यह पदयात्रा चिरैया मोड़, बगोदर, हरिहर धाम,चलानिया होते हुए बिशुनगढ़ हजारीबाग तक पहुंचे हैं। खतियान और छात्रों की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा।

पदयात्रा के दौरान देवेंद्र नाथ महतो, मोतीलाल महतो, मनोज यादव, पूजा महतो, दिपक रवानी,बिहारी महतो, महेंद्र प्रसाद मंडल, लीलावती देवी, दिनेश साहू आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राज्यपाल से ब्रिगेडियर निरंजन ने की भेंट

# लगाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज

संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज यानी शुक्रवार को लोक भवन में सैनिक कल्याण निदेशालय के अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय ब्रिगेडियर निरंजन कुमार (रि०), अपर निदेशक कर्नल एस०पी० गुप्ता, राज्य प्रबंधक, सैनिक बाजार ले० कर्नल पी.के। झा एवं अन्य उपस्थित थे। अधिकारियों ने राज्यपाल को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज पहनाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने देश के सभी वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए सशस्त्र झंडा दिवस कोष में अपना योगदान भी दिया। राज्यपाल ने सैनिकों की सेवा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में उनका योगदान अमूल्य है और उन्हें हमेशा सम्मान एवं सम्मानित किया जाना चाहिए।



# पलामू में ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, बड़े नेटवर्क का खुलासा

संवाददाता

**पलामू :** जिला में चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ के इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर 69 पुड़िया ब्राउन शुगर को बरामद किया है। ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ के रहने वाले बादल कुमार, हर्षित राज और मनीष कुमार के नाम शामिल है। बरामद ब्राउन शुगर का वजन 29.24 है।

पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि सेमरटांड़ के इलाके में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री होने वाली है। इसी सूचना के आलोक में डीएसपी राजीव रंजन और इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार केंद्रित में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। दोनों के नेतृत्व में पुलिस ने इलाके में छापेमारी की। पुलिस को देख तीनों आरोपी भागने की कोशिश कर रहे थे लेकिन तीनों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया।

पूरे मामले में पुलिस ने एनडीपीएस के एक्ट में एफआईआर दर्ज किया है और तीनों आरोपियों



को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों ने कई जानकारी दी है जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों के तीन और साथी हैं जिनकी तलाश की जा रही है।पूर्व में सदर थाना क्षेत्र और टाउन थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर बरामद हुआ था। जिसका नेटवर्क गढ़वा एवं बिहार के इलाके से जुड़ा था। पुलिस सभी कड़ियों को आपस में जोड़ रही है और तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। पुलिस के छापेमारी में चैनपुर के थाना प्रभारी अनिल विद्यार्थी सब इंस्पेक्टर छात्रधारी कुमार, बाबूलाल दुबे, एएसआई विनोद कुजूर शामिल रहे।

## मांडर विधानसभा में भाजपा ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

चान्हो : भारतीय जनता पार्टी रांची ग्रामीण जिला ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं ह्यवंदे मातरमह्ण राष्ट्रगीत के 150 वर्ष हुआ। इसे लेकर गुरुवार को चान्हो स्थित प्रभा पुंज पब्लिक स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर हर घर स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को गति देने के उद्देश्य से चान्हो मंडल में एक व्यापक संपर्क अभियान भी चलाया गया, जिसके माध्यम से लोगों को स्वदेशी सामानों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में वंदे मातरम के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला और इस राष्ट्रगीत को लेकर कांग्रेस की भूमिका पर तीखा हमला बोला।

श्री टोप्पो ने कहा, वंदे मातरम, जो केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की साक्षात भावना है, हमारे स्वतंत्रता संग्राम में लाखों लोगों को प्रेरित किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने सत्ता की राजनीति के चलते इस पावन राष्ट्रगीत की पंक्तियों को काटने और इसके व्यापक प्रसार को बाधित करने का प्रयास किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको स्वदेशी अपनाकर भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने भी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराते हुए स्वदेशी वस्तुवों के उपयोग करने के लिए सबको आग्रह किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में, कार्यकर्ताओं ने भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के साथ चान्हो मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क अभियान चलाया। हर घर स्वदेशीः लोगों से आग्रह किया गया कि वे विदेशी उत्पादों के स्थान पर भारतीय और स्थानीय स्तर पर निर्मित सामानों का उपयोग करें।

## नाबालिग की अपहरण के मामले में बरसोल पुलिस ने युवक को भेजा जेल

**घाटशिला :** नाबालिग के अपहरण से जुड़े एक मामले में बरसोल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ओडिशा के एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला बरसोल थाना क्षेत्र के थाना कांड संख्या 35/25 से संबंधित है। वहीं पुलिस ने आरोपी युवक को दारीसोल फ्लाईओवर के समीप से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान सनातन हांसदा के रूप में हुई है जो ओडिशा के मयूरभंज जिला अंतर्गत बारीपदा सदर थाना क्षेत्र के रानीसोल गांव का निवासी है।जिसे पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सनातन हांसदा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया तथा मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बाल विवाह मुक्त झारखंड को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन

संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर रामगढ़ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो तौफीकुल हसन के मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कोर्ट परिसर में बाल विवाह मुक्त झारखंड पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान किशोरियों के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक अधिकार पर लोगों को जानकारी दी गई।

डालसा के सचिव अनिल कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खालको, एलएडीसी अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष श्रीराम, सहायक अभिनव कुमार एवं मोहन महतो के द्वारा लोगों को जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में कई विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य रूप से किशोरियों के आर्थिक, सामाजिक, राजनीति अधिकार, बाल विवाह, घरेलू



हिंसा, डायन प्रथा, पोक्सो एक्ट के बारे में बताया गया।

डालसा सचिव ने पोक्सो अधिनियम के बारे में बताया कि इस अधिनियम का शिकार मुख्य रूप से बच्चियां ही होती हैं। बच्चियों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में बताना बेहद जरूरी है। अभिभावकों, शिक्षकों एवं समाज कल्याण के लिए काम कर रहे लोगों को इस बारे में छोटे बच्चों को जरूर बताना चाहिए। अगर किसी बच्चे को उसके सहपाठी या सगे संबंधी या अन्य कोई व्यक्ति के द्वारा ऐसा कुछ बर्ताव किया जाता है, तो उसे मामले में तत्काल निकटतम थाने में सूचना देनी चाहिए। पोक्सो अधिनियम यौन हिंसा के लिए कानून बनाया गया है। आप बेहिचक होकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस दौरान मौजूद लोगों के सवालों के भी जवाब दिए गए। साथ ही बताया गया कि पोक्सो अधिनियम को लेकर पीड़ितों को मुआवजे का भी अधिकार है। सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी पुलिस कर्मी शाम 6:00 बजे के बाद और सूर्योदय से पहले किसी भी महिला को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। विषम परिस्थितियों को छोड़कर महिलाओं को पूरी छोड़ दी गई है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना का आवेदन देने आई महिला को थाने में महिला पुलिसकर्मी ही अटेंड कर सकती है। अगर महिला पुलिस कर्मी उसकी बात नहीं सुनती है तो सीधे एसपी के पास वह जा सकती है।

एलएडीसी के अध्यक्ष ने डिस्टेंस वारंट के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। साथ ही न्यायालय के आदेश के बाद विपक्षी अगर भरण पोषण की राशि नहीं देता है तो डिस्टेंस वारंट निर्गत होता है। जिसके बाद विपक्षी को जेल भी जाना पड़ सकता है। इसके अलावा घरेलू हिंसा के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। इस शिविर में समाज कल्याण विभाग के सदस्य, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वॉलिंटियर्स मौजूद थे।